दैनिक

# भीम प्रज्ञा

PRGI No. RJHIN/25/A3844 डाक पंजीयन G/JJN/053/2024-26 Valid up to 31 dec. 2026

2009 से स्थापित

सम्यक, न्याय, स्वतंत्रता, समानता, बंधुता, एवं सामाजिक चेतना के लिए रचनात्मक पत्रकारिता

गांव के गुवाड़ से निकलकर प्रकाशित होने वाले दैनिक अखबार भीम प्रज्ञा की मजबूती के लिए पाठक बनिए और बनाइए अपनी प्रतिक्रिया दीजिए

हेल्पलाइन - 9983040937

Bheem Pragya publication
A/C No: 61347330768
IFSC Code- SBIN0031880
Phone pe , G-pay
9983040937

www.bheempragya.in | वर्ष-1 | अंक-90 | झुंझुनू (राजस्थान) | गुरूवार, 19 फरवरी, 2026 | Email.bheempragya@gmail.com | पृष्ठ-8 | मूल्यः 5.00

**भीम प्रज्ञा अलर्ट**

सच्ची सफलता वही है, जो हमें विनम्र बनाए– क्योंकि ऊंचाई पर पहुनचकर भी जो झुकना जानता है, वही वास्तव में महान होता है।

## सम्पादकीय



एडवोकेट हरेश पंवार
Contact No. 9983040937

**मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है**

## सादगी–आधुनिक युग में खोती हुई महानता का मूल्य

आधुनिक युग को यदि किसी एक शब्द में परिभाषित करना हो तो वह शब्द होगा–'दिखावा'। आज सफलता का पैमाना व्यक्ति की सोच, चरित्र या सामाजिक योगदान से नहीं, बल्कि उसकी गाड़ी, बंगले, ब्रांडेड कपड़ों और सोशल मीडिया पर चमकते जीवन से तय किया जाने लगा है। समाज में यह धारणा गहराती जा रही है कि 'जितनी बड़ी गाड़ी, उतना बड़ा आदमी।' इस मानसिकता ने सादगी को पिछड़ेपन, गरीबी या कमजोर मानसिकता का पर्याय बना दिया है। लेकिन क्या वास्तव में सादगी कमजोरी है? या फिर यह एक ऐसी शक्ति है, जिसे समझने की दृष्टि हमने खो दी है? यहां मैं बोलूंगा तो फिर कहोगे कि बोलता है।

सादगी दरअसल बाहरी जीवन की सीमित आवश्यकताओं और आंतरिक जीवन की समृद्धि का नाम है। यह कोई मजबूरी नहीं, बल्कि एक सजग चुनाव है। जो व्यक्ति अपनी इच्छाओं को नियंत्रित कर सकता है, वही वास्तव में स्वतंत्र होता है। भौतिक वस्तुएँ सुविधाएँ दे सकती हैं, परंतु मानसिक शांति और संतोष केवल संतुलित जीवनशैली से ही मिलते हैं। सादगी हमें यह सिखाती है कि जीवन का उद्देश्य केवल संग्रह करना नहीं, बल्कि सार्थकता के साथ जीना है।

इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि महानता कभी भी बाहरी वैभव पर निर्भर नहीं रही। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जीवन सादगी का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने सत्ता के सर्वोच्च पद पर रहते हुए भी सादा जीवन जिया। उनके व्यक्तित्व की गरिमा उनके विचारों और कार्यों से झलकती थी, न कि भौतिक संपन्नता से। इसी प्रकार भारत के पूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने विज्ञान और शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया, परंतु उनका जीवन अत्यंत सरल और अनुशासित था। उन्होंने कभी वैभव को अपनी पहचान नहीं बनने दिया। इन महापुरुषों का जीवन यह स्पष्ट करता है कि 'सादा जीवन, उच्च विचार' कोई पुरानी कहावत मात्र नहीं, बल्कि सफल और संतुलित जीवन का आधार है। आज का उपभोक्तावादी समाज हमें निरंतर यह विश्वास दिलाता है कि खुशी खरीदी जा सकती है। नए-नए उत्पाद, फैशन और विलासिता की वस्तुएँ हमें आकर्षित करती हैं। लेकिन यह आकर्षण क्षणिक होता है। एक वस्तु मिलने के बाद दूसरी की चाह उत्पन्न हो जाती है। यह अंतहीन दौड़ व्यक्ति को थका देती है। इसके विपरीत, सादगी हमें सीमित संसाधनों में संतोष और कृतज्ञता का भाव सिखाती है। जब आवश्यकताएँ कम होती हैं, तो तनाव भी कम होता है। व्यक्ति तुलना की आग में जलने के बजाय आत्मविकास पर ध्यान केंद्रित कर पाता है। 'सादा जीवन, उच्च विचार' का मार्ग आसान नहीं है। यह आत्मानुशासन, आत्मसंयम और आत्मचिंतन की मांग करता है। यह हमें भीड़ से अलग चलने का साहस देता है। जब समाज दिखावे की ओर दौड़ रहा हो, तब सादगी चुनना वास्तव में एक क्रांतिकारी कदम है। लेकिन इस मार्ग का परिणाम अत्यंत सुखद होता है। यह हमें 'मशीन' की तरह भागने के बजाय 'मनुष्य' की तरह सोचने और जीने का अवसर देता है।

सादगी का अर्थ यह नहीं कि प्रगति या आधुनिकता से दूरी बना ली जाए। इसका अर्थ है–सुविधाओं का विवेकपूर्ण उपयोग और अनावश्यक उपभोग से बचना। आधुनिक तकनीक और संसाधनों का उपयोग जीवन को बेहतर बनाने के लिए किया जा सकता है, परंतु यदि वे हमारी पहचान और आत्ममूल्य का आधार बन जाएँ, तो समस्या उत्पन्न होती है। सादगी हमें यह संतुलन सिखाती है कि साधन हमारे लिए हैं, हम साधनों के लिए नहीं। समाज और राष्ट्र के स्तर पर भी सादगी का महत्व कम नहीं है। यदि नेतृत्वकर्ता और प्रभावशाली व्यक्ति सादगी को अपनाएँ, तो यह समाज में सकारात्मक संदेश देता है। इससे संसाधनों का न्यायसंगत वितरण संभव होता है और सामाजिक असमानता कम करने में सहायता मिलती है। सादगी केवल व्यक्तिगत गुण नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रतीक है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने बच्चों और युवाओं को यह समझाएँ कि सफलता का अर्थ केवल भौतिक उपलब्धियाँ नहीं हैं। चरित्र, ईमानदारी, संवेदनशीलता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं। यदि हम अपनी बाहरी जरूरतों को सीमित कर लें, तो हमारे विचार अधिक स्वतंत्र और रचनात्मक हो सकते हैं। तब हम केवल अपने लिए नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र के कल्याण के लिए भी सोच सकेंगे।

**अंततः** सादगी कोई पिछड़ापन नहीं, बल्कि परिपक्वता की पहचान है। यह जीवन को अनावश्यक बोझ से मुक्त कर उसे सार्थकता की ओर ले जाती है। बाहरी चमक-दमक क्षणिक है, परंतु उच्च विचार और संतुलित जीवन स्थायी हैं। यदि हम वास्तव में प्रगति करना चाहते हैं, तो हमें दिखावे की दौड़ से बाहर निकलकर सादगी की शक्ति को पहचानना होगा। यही वह मार्ग है जो व्यक्ति को भीतर से समृद्ध और समाज को सचमुच विकसित बनाता है।

### हरियाणा मॉडल पर शिक्षक लगाने की उठी मांगः

## बजट में 500 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा की घोषणा, 4019 में पहले से हो रहा संचालन

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** राजस्थान के विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए चल रही व्यावसायिक शिक्षा के शिक्षक खुद बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। स्कूलों में संविदा पर लगने वाले इन शिक्षकों को 20 से 22 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाते हैं। यह मानदेय भी उन्हें कई महीनों से नहीं मिला है। यही नहीं प्रदेश में 4019 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा चल रही है, लेकिन 2081 स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं है। बिना शिक्षक के यहां पढाई कर रहे विद्यार्थियों को का भविष्य भी अंधकारमय है। अब सरकार ने बजट में 500 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा शुरू करने की घोषणा की है। जब पहले से जिन स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित है, वहां इस शिक्षा का बेहाल है तो नए स्कूलों में शिक्षक कहां से आएंगे। इसको देखते हुए प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षकों ने हरियाणा मॉडल पर यहां शिक्षकों की भर्ती की मांग उठाई है। व्यावसायिक प्रशिक्षक संघर्ष समिति के अध्यक्ष पवन गर्ग और संरक्षक कमलेश कुमार का कहना है कि राजस्थान में हरियाणा मॉडल लागू करके व्यावसायिक शिक्षा को मजबूत किया जाए। व्यावसायिक शिक्षकों में जॉब को लेकर असुरक्षा की भावना रहेगी तो इसका असर विद्यार्थियों पर भी



पड़ेगा। इसलिए सरकार को राजस्थान में नियमित भर्ती करनी चाहिए।

भर्ती के लिए टेंडर किया पर भ्रष्टाचार की शिकायतों पर निरस्तः प्रदेश में 4019 स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा संचालित है। इसमें अलग अलग ट्रेड (विषय) में करीब 3 हजार शिक्षक कार्यरत है। इन स्कूलों में से 2081 स्कूलों में कोई व्यावसायिक शिक्षक नहीं है। क्योंकि पिछले दिनों यहां शिक्षक लगाने के लिए राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने जो टेंडर जारी किया था। वह अनियमितता व भ्रष्टाचार की शिकायतों के चलते निरस्त कर दिया गया था। अभी फिर से जारी नहीं हुआ। यहां 9वीं से 12वीं कक्षा तक 3.50 लाख विद्यार्थी अध्ययनरत है। यहां प्रमुख रूप से हेल्थ केयर, ब्यूटी वैलनेस, इलेक्ट्रिक एंड हार्डवेयर, ऑटोमोटिव, आईटी, एग्रीकल्चर, सिक्यूरिटी, मल्टीमीडिया, ट्यूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग सहित कई ट्रेड की पढ़ाई हो रही है।

### यहां निजी फर्म संविदा पर लगा रही

यहां स्कूल शिक्षा परिषद शिक्षक लगाने के लिए टेंडर जारी करता है। इसके बाद फर्म के जरिए शिक्षक लगाए जाते हैं। जो पूरी तरह से संविदा पर होते हैं। उनको 20 से 22 हजार रुपए प्रतिमाह फिक्स वेतन दिया जाता है। उन्हें कभी भी नौकरी से हटाया जा सकता है। मानदेय बढ़ोतरी का कोई प्रावधान नहीं है। यहां मातृत्व अवकाश नहीं मिलता है। यहां जॉब सिक्यूरिटी नहीं है।

### हरियाणाः विभाग खुद करता है भर्ती

हरियाणा में विभाग खुद शिक्षकों की भर्ती करता है। वहां वेतन 38 हजार से अधिक मिलता है। शिक्षकों को 60 वर्ष का होने तक जॉब सिक्यूरिटी मिलती है। हर साल वेतन में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी होती है। वहां सरकारी कर्मचारी की तरह अवकाश की सुविधाएं मिलती है और मातृत्व अवकाश भी मिलता है।

## पॉक्सो प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, जिला संघर्ष समिति ने एसपी को सौंपा ज्ञापन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार विरोधी जिला संघर्ष समिति के बैनर तले पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं को ज्ञापन सौंपकर थाना सूरजगढ़ में दर्ज एफआईआर संख्या 14/2026 (पॉक्सो एक्ट) के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। समिति के जिलाध्यक्ष रामानंद आर्य के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि संबंधित प्रकरण गंभीर प्रकृति का है, ऐसे में दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए ताकि पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सके और कानून व्यवस्था पर आमजन का विश्वास बना रहे।प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक बलवीर सिंह काला, जिला महासचिव विकास आल्हा, किशनलाल नायक, ओमप्रकाश, धर्मपाल, सतवीर, सूबेदार राजेन्द्र कुमार, प्रियंका, अशोक, देवकरण सिंह महरिया सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।समिति पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगामी दिनों में आंदोलन की रणनीति बनाने को बाध्य होगा।

## ईमानदारी का मिला फलः रामनिवास बड़गूजर बने एएसआई, पुलिस महकमे और क्षेत्र में खुशी की लहर

**भीम प्रज्ञा न्यूज.रामगढ़।**



राजस्थान पुलिस में अपनी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी के लिए पहचाने जाने वाले रामनिवास बड़गूजर ने सफलता की नई सीढ़ी चढ़ते हुए हेड कांस्टेबल से सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) के पद पर पदोन्नति प्राप्त की है। उनके प्रमोशन की खबर मिलते ही पुलिस महकमे और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। खैरथल जिले के मूल निवासी रामनिवास बड़गूजर एक साधारण मेघवाल परिवार से ताल्लुक रखते हैं। सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बीच उन्होंने अपने कर्तव्य को हमेशा प्राथमिकता दी। कठिन परिश्रम, अनुशासन और ईमानदारी के बल पर उन्होंने विभाग में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे मेघवाल समाज और खैरथल-अलवर क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बन गई है।वर्तमान में वे अलवर जिले के रामगढ़ पुलिस थाने में तैनात हैं। क्षेत्र में उनकी छवि एक मिलनसार, संवेदनशील और निष्पक्ष पुलिस अधिकारी की रही है। आमजन के साथ सकारात्मक व्यवहार और कानून व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका के कारण वे सहकर्मियों और वरिष्ठ अधिकारियों के बीच भी सम्मानित रहे हैं।

प्रमोशन पर खुशी व्यक्त करते हुए रामनिवास बड़गूजर ने कहा कि यह पदोन्नति मेरी मेहनत और विभाग के प्रति मेरी निष्ठा का परिणाम है। मेरा प्रयास रहेगा कि नए पद पर भी पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ आमजन की सेवा करता रहूं।' उनकी इस सफलता पर साथी पुलिसकर्मियों, सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## 28 फरवरी को लक्ष्मणगढ़ देखेगा शेखावाटी के प्रसिद्ध कलाकारों का ढप नृत्य

### प्रवासी उद्योगपति पवन डागा के सौजन्य से फतेहपुर मस्ताना चौक व सेठों की कोठी की ढप मंडल की ओर से रामलीला मैदान के पास आयोजित होगा फागणिया धमाल व ढप नृत्य

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

रामलीला मैदान के पास श्री श्याम कुंज में 28 फरवरी को शेखावाटी अंचल के प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से रात्रि प्रस्तुत किए जाने वाले फागणिया धमाल ढप नृत्य को लक्षमनगढ देखेगा। लक्ष्मणगढ़ माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष अनिल सोमानी ने बताया कि जाने-माने उद्योगपति लक्षमनगढ निवासी बैंगलोर प्रवासी पवन कुमार डागा की ओर से आयोजित किए जाने वाले ढप नृत्य में फतेहपुर व सेठों की कोठी के प्रसिद्ध कलाकारों की ओर से शानदार फागणिया धमाल और ढप नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी।आयोजित ढप नृत्य को देखने के लिए इस अवसर पर प्रवासी भी मौजूद रहेंगे। उल्लेखनीय है कि डागा की ओर से प्रतिवर्ष फाल्गुन के महिने में ढप नृत्य का आयोजन करवाया जाता है। आयोजन की सुचारू व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

## पशुपालन विभाग की मीटिंग आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

उपनिदेशक पशुपालन विभाग डॉ मोहन भोगे की अध्यक्षता में नोडल कार्यालय में क्षेत्र के सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी की मासीक बैठक आयोजित हुई । बैठक में समस्त विभागीय योजनाओं की प्रगति तथा सेवाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी । मीटिंग में सेक्स सार्टेट सीमन का कृत्रिम गर्भाधान हेतु ज्यादा से ज्यादा उपयोग, मंगला पशु विमा योजना का प्रचार प्रसार एवं पंजिकरण तथा समय रहते वित्तीय वर्ष के सभी विभागीय लक्ष्य पुर्ण करने के निर्देश दिए गए ।बैठक को विडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शासन सचिव पशुपालन विभाग राजस्थान द्वारा सभी विभागीय अधिकारी कर्मचारी को विभागीय योजनाओं बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।



## संजय बागड़ी ने गरीब परिवार को दी सर्दी से राहत, दो बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद ।** नांगल सालीया, खैरथल तिजारा - पत्रकार संजय बागड़ी ने मकर संक्रांति के अवसर पर एक गरीब परिवार को कम्बल और रजाई भेंट की। यह परिवार सीसवाली रोड पर पटोंदा गांव के पास जंगल में एक टपरी में रहता है। बागड़ी ने इस परिवार की दो बालिकाओं को राजकीय विद्यालय में प्रवेश दिलाया है और उन्हें पढ़ने-लिखने के लिए आवश्यक सामग्री प्रदान कर रहे हैं। प्रधानाचार्य वेणी प्रसाद वर्मा ने बागड़ी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि वह एक गरीब परिवार की बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने का सार्थक प्रयास कर रहे हैं। बागड़ी ने बताया कि उन्होंने इन बालिकाओं की पढ़ने की इच्छा को देखते हुए परिजनों से बात कर विद्यालय में प्रवेश कराया और समय-समय पर इनको प्रेरित करने के साथ ही इनकी छोटी-मोटी आवश्यकताओं की पूर्ति भी की जाती है। बागड़ी ने कहा कि किसी जरूरतमंद की मदद करना एक इंसान का वास्तविक धर्म है। उन्होंने स्थानीय लोगों से भी इस तरह के जरूरतमंद बालकों को शिक्षा से जोड़ने के लिए आगे आने की अपील की।



## बालकनाथ बोले-गहलोत सरकार ने गोहत्यारों को 50 लाख दिए:कांग्रेस विधायक ने कहा- आपको गांधी से दिक्कत तो नोटों से तस्वीर हटा दीजिए

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** विधानसभा में उद्योग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान बीजेपी विधायक महंत बालकनाथ के आरोपों पर सदन में नोकझोंक हो गई। बालकनाथ ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा- आपकी सरकार ने तो 50 लाख रुपए गोहत्यारों को दिए थे। गहलोतजी की सरकार थी। आपको याद है क्या? आपके गहलोतजी ने जो उदयपुर के अंदर हिंदू भाई की हत्या हुई थी, उसके आरोपियों को बचाने का काम किया। आपकी सरकार के अंदर क्या हुआ था? अनुदान मांगों पर बहस के दौरान,ह समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी के चाइनीज रोबोट को खुद का बताने से जुड़े विवाद का मामला गूंजा। कांग्रेस विधायक घनश्याम मेहर ने बहस में कहा- दिल्ली में हो रही एआई समिट में गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने नकली रोबोट पेश करके देश की प्रतिष्ठा गिराई। पूरी दुनिया में इसकी चर्चा हो रही है कि यह हो क्या रहा है, यह गलत है।

**मेहर ने कहा-** आपको गांधी जी से इतनी तकलीफ है तो नोट से उनकी तस्वीर हटा दीजिए। नरेगा से उनका नाम हटाने से क्या होगा। मेहर ने आगे कहा- हमारा युवा नशे में बर्बाद हो रहा है। इस पर रोक लगाने की जरूरत है। इस बात पर भी सोचना चाहिए। उद्योग, युवा और खेल की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान कांग्रेस विधायक अशोक चांदना ने ऑनलाइन सट्टे को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा।



चांदना ने कहा- राजस्थान के युवाओं के सामने आज बेरोजगारी, नशे और ऑनलाइन सट्टे की चुनौती है।

**उन्होंने कहा-** केंद्र सरकार तीन-चार महीने पहले ऑनलाइन सट्टा बंद करने का बिल लाई,ऑनलाइन सट्टा चालू किसने किया? इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए ऑनलाइन सट्टा गेमिंग कंपनियों ने भाजपा को करोड़ों रुपए का चंदा दिया, जो युवाओं का खून चूस रही है। भारत सरकार ने ऑनलाइन सट्टे पर बैन लगाया, लेकिन यह आज भी चल रहा है।

**चांदना ने कहा-** छोटे-छोटे गांव में नशा पहुंच गया है। रोज एक्सीडेंट हो रहे हैं। इससे एक नई प्रवृत्ति और पनप गई है। ऑनलाइन सट्टे में युवा पैसा हार जाते हैं, उसके बाद में साथ नशा करने लग जाते हैं, उसके बाद एक नया तंत्र चालू हो जाता है। युवा सट्टे में हारे पैसे चुकाने के लिए 10-20 रुपए सैकड़ा पर पैसा उधार लेने लग जाते हैं। नशे और ऑनलाइन सट्टे की प्रवृत्ति वाले बच्चों पर पैसा चुकाने का दबाव रहता है। इससे मर्डर तक हो रहे हैं। इस तरह की शिकायतों का अभियान चलाएं, कौन ज्यादा ब्याज लेकर शोषण कर रहा है। युवा सुसाइड कर रहा है, मर्डर भी हो रहे हैं। पुलिस केवल बजरी के ट्रक गिनने में व्यस्त है। स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से नाराज कांग्रेस का वॉकआउट इससे पहले विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री के जवाब से नाराज कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी के बाद सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस विधायक प्रशांत शर्मा ने अचरोल (जयपुर) में सैटेलाइट अस्पताल बनाने और सीएचसी अचरोल की बिल्डिंग बनाने पर सवाल पूछा था। स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा- इनका सैटेलाइट हॉस्पिटल हेरिटेज बिल्डिंग पर है। उसमें नया कुछ नहीं बना सकते। हम जेडीए को नई जमीन के लिए लिख चुके। जेडीए से जमीन मिलने के बाद हम अच्छी लोकेशन पर सैटेलाइट अस्पताल बनाएंगे। मंत्री बोले- आपके बार-बार खड़े होने से विधायकों का समय कम होता है मंत्री के जवाब के बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- आप कन्फ्यूज हो गए, आमेर की नहीं अचरोल की पूछ रहे हैं। आप आमेर की बता गए। खींवसर ने कहा- इनकी विधानसभा सीट आमेर ही है। नेता प्रतिपक्ष आपको मेरा छोटा सा सुझाव है। आप हर सवाल पर खड़े हो जाते हो तो आपके विधायकों का समय कम हो जाता है। जूली ने कहा- आपसे प्यार ज्यादा है। इसलिए खड़ा हुआ हूं कि आप आमेर और अचरोल में फर्क नहीं समझ पा रहे थे। आज मेरा खड़ा होने का मन नहीं था।

**खींवसर ने कहा-** सैटेलाइट अस्पताल आमेर है, बात आमेर विधानसभा की है। जूली ने कहा- अचरोल में जो सैटेलाइट अस्पताल मंजूर हुआ, उसे शिफ्ट कर दिया। उसे आप वापस करेंगे क्या? इस सवाल का जवाब नहीं देने से नाराज कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की और सदन से वॉकआउट किया। वार-पलटवार का दौर चला विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली और डिप्टी सीएम दीया कुमारी के बीच वार-पलटवार का दौर चला। मामला नोहर (बीकानेर) में बायपास का अलाइन्मेंट बदलने से जुड़े सवाल से जुड़ा था। डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने कहा कि नए अलाइन्मेंट के हिसाब से काम शुरू हो चुका है। कोई आपत्ति है तो जांच करवा लेंगे। पहले अलाइन्मेंट पर किसानों की आपत्ति के कारण जमीन नहीं मिली। इसलिए नया अलाइन्मेंट बनाकर काम किया है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा- यह गंभीर मामला है। इसमें ध्यान आकर्षण प्रस्ताव भी लग चुका है। इसमें जिस तरह जवाब दिया जा रहा है वह गुमराह करने वाला जवाब है। किसानों का विरोध था किस तारीख को आया? लागत बढ़ी है इसकी पेनल्टी किस पर लगाएंगे? पहले वहां फ्लाइओवर बनना था, अब टी बनेगी तो एक्सीडेंट बढ़ेंगे, कौन जिम्मेदार होगा?

# इन तरीके से करें घर का मेकओवर



**वर्तमान समय में लोग अपने घर को त्योहार और मौसम के हिसाब डेकोरेट और सेट करना पसंद करते हैं। खासतौर से इस मौसम में घर को अलग तरीके से सेट करना जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस मौसम में घर से जल्दी बदबू आने लगती है।**

इस मौसम में अगर आप अपने घर को सही तरीके से सेट करके रखेंगी, तो इस समस्या का सामना करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस लेख में आज हम आपको कुछ ऐसे मेकओवर आइडिया के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आप इसे डेकोरेट कर सकती है।

### नेचुरल लुक पसंद करने वाले करें ये काम

अगर आपको नेचुरल लुक पसंद है तो फूल पत्तियों के प्रिंट वाले कॉटन कुशन, सोफा कवर और टेबल कवर बिछाएं। इसके अलावा कमरे को और आकर्षक बनाने के लिए दीवारों पर प्रिंटेड कॉटन कर्टन लगाएं।

### कमरे में लगाएं सीजनल प्लांट्स

घर को प्राकृतिक लुक देने के लिए घर के अंदर और चारों ओर पत्तेदार पौधे लगाएं। इंडोर प्लांट्स घर के इंटीरियर लुक को बढ़ाने का काम करता है। प्लांट नेचुरल एयर फिल्टर की तरह काम करते हैं, जो घर की वायु को शुद्ध रखते हैं। फर्न्स और ऑर्किड्स जैसे प्लांट को आप बालकनी और घर में लगा सकती हैं।

### सुगंधित मोमबत्ती का करें इस्तेमाल

अच्छी सुगंध हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करने का काम करती है। ऐसे में आप अपने कमरे व घर में सुगंधित मोमबत्ती का इस्तेमाल कर सकती हैं। गर्मी के मौसम में अगर आप कमरे में ताजगी और प्यारी सी सुंगध चाहते हैं, तो फ्रेग्रेंस कैंडल का यूज करें।

### पर्दा और ब्लाइंड का करें यूज

गर्मी के मौसम में कमरे बहुत ज्यादा गर्म होने लगते हैं। इससे बचने के लिए आप पर्दे और ब्लाइंड का उपयोग कर सकते हैं। ये दोनों चीजें सूरज की किरणों को कमरे में आने से रोकती है, जिससे हवा की मदद से गर्म लू अंदर नहीं आती है। इसके अलावा पर्दा लगाते समय उनके फैब्रिक का खास ध्यान दें।

### मोटे कालीन का न करें इस्तेमाल

सर्दियों में हम सभी ठंड से बचने के लिए कालीन का इस्तेमाल करते हैं। ये कालीन ठंड के साथ-साथ घर के लुक में चार-चांद लगाने का काम करते हैं। अगर आप अभी भी इन कालीन को बिछा कर रखा हुआ है तो इन्हें बदल दें। इनकी जगह पतले और हल्के कालीन का उपयोग करें।





## स्टाइलिश लुक देने में मदद करेंगे चिकनकारी वर्क वाली कुर्ती स्टाइल सलवार-सूट

**किसी पार्टी में जाना हो या ऑफिस में पहनना हो। सलवार-कमीज के डिजाइंस में आपको कई तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी। वहीं डिजाइन और फैब्रिक के लिए मौसम को समझना भी काफी जरूरी होता है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है और इस मौसम में त्वचा को ठंडक देने वाले डिजाइन और रंगों का चुनाव करना चाहिए। डिजाइन की बात करें तो चिकनकारी वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। तो आइये देखते हैं चिकनकारी वर्क वाले सलवार-सूट के खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन सलवार-सूट को स्टाइल करने के आसान टिप्स-**

### फॉक स्टाइल सलवार-सूट

शॉर्ट कुर्ती में आजकल फॉक या पेप्लम स्टाइल कुर्ती सूट को सबसे ज्यादा पसंद किया जा रहा है। इस तरीके के सूट के साथ में आप चिकनकारी वर्क वाले शरारा को स्टाइल कर सकते हैं। सूट के साथ में आप चाहे तो दुपट्टे को स्किप भी कर सकती हैं। इस तरीके का सूट आपको मार्केट में रेडीमेड 1,000 रुपये में मिल जाएगा।

### कलीदार सलवार-सूट

कलीदार सूट एवरग्रीन फैशन में रहता है। इस तरह के लॉन्ग फ्लोर लेंथ कलीदार कुर्ती स्टाइल आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये में आसानी से मिल जाएगा। इसमें आपको फुल स्लीव्स के आलावा स्कूप नेक डिजाइन में भी कई तरह के वर्क वाले सूट देखने को मिल जाएंगे। आप चाहे तो इस तरह के सूट के साथ में लॉन्ग स्कर्ट को भी पहन सकती हैं।

### ऑम्ब्रे डिजाइन सलवार-सूट

आजकल ऑम्ब्रे शेड फैशन ट्रेंड में काफी ज्यादा नजर आ रहा है। इसमें आपको कई कलर्स देखने को मिल जाएंगे। चिकनकारी वर्क में आपको इस तरह में लूज डिजाइन के कुर्ती स्टाइल सूट में काफी सारी वेरायटी देखने को मिल जाएगी। इस तरह का सूट आपको फैब्रिक खरीदकर खुद सिलवाना पड़ेगा। वहीं इस तरह के लुक के साथ में आप पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल करें।





# 2 से 5 साल के बच्चों को डिसिप्लिन सिखाने का ये है बेस्ट तरीका

**दुनिया तेजी से बदल रही है। इसी के साथ माता-पिता के सामने कई चुनौतियां भी बढ़ती जा रही हैं। सबसे बड़ी चुनौती है, बच्चों को अनुशासित बनाने की। हर माता-पिता के मन में यह प्रश्न रहता है कि बच्चे को अनुशासन कैसे सिखाया जाए? हाल के दिनों में जिस तरह से बच्चों में अनुशासनहीनता की घटनाएं बढ़ी हैं, उसे देखते हुए यह चिंता जायज भी लगती है। बच्चों को अनुशासित बनाने का प्रयास जितनी जल्दी प्रारंभ कर दिया जाए, उतना सही परिणाम मिल सकता है। दो से पांच साल तक की उम्र बच्चों के व्यवहार को निर्धारित करने में बड़ी भूमिका निभाती है।**

कहने की नहीं, करने की है जरूरत बच्चे शब्दों से ज्यादा क्रियाओं पर ध्यान देते हैं। इसलिए, उन्हें अनुशासित बनाने की पहली शर्त है- आपका स्वयं अनुशासित होना। अगर आप बातचीत में अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, तो बच्चे को यह सिखाना व्यर्थ है कि उसे अच्छा बोलना चाहिए। बच्चे को यह बताने का प्रयास मत कीजिए कि उसे क्या नहीं करना है। बल्कि, उसके समक्ष इस बात का उदाहरण दीजिए कि उसे क्या करना है। आपका संतुलित व्यवहार उसे स्वयं ही आप जैसा बनने के लिए प्रेरित करेगा। बच्चे को चिल्लाकर चुप रहने की सीख नहीं दी जा सकती है।

### तर्क के साथ रखें पक्ष

बच्चों को व्यवहार से जुड़ी कोई सीख देते समय उनके मन में उठने वाले प्रश्नों पर ध्यान दें। यदि वह पलटकर कोई प्रश्न करे, तो आपको उसका तार्किक समाधान देना चाहिए। इससे बच्चा आपकी कही हर बात को आत्मसात कर पाता है। जैसे ही आप उसके प्रश्नों पर उसे डांटकर चुप कराने और बस आपका निर्देश पालन करने के लिए कहते हैं, वह उन बातों को न अपनाने के लिए प्रेरित होता है।

### पहली गलती पर ही रोकें

बच्चों के व्यवहार में सबसे बड़ी भूमिका माता-पिता की होती है। कई बार छोटे बच्चे की किसी गलती को माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य ही हंसकर टाल देते हैं। कई बार बच्चे की तोतली आवाज में अपशब्द सुनकर सभी को हंसी आ जाती है।

कई बार जिद में जब बच्चा किसी बड़े पर हाथ उठाता है, तब भी यह कहकर टाल दिया जाता है कि बच्चा है, सीख जाएगा। यह गलत है। बच्चे की किसी भी ऐसी बात का समर्थन मत कीजिए, जो आप चाहते हैं कि उसकी आदत का हिस्सा न बने।

पहली ही गलती पर उसे रोकें। इसके लिए गुस्सा करने या डांटने की जरूरत नहीं है, लेकिन धीमी आवाज में दृढ़ता से उसे यह अवश्य बताएं कि यह काम सही नहीं है। इससे बच्चा उस गलती को दोहराने से बचता है।

### इच्छा और जिद का अंतर समझें

कई बार माता-पिता अपने बच्चे की हर इच्छा पूरी करने के प्रयास में उसे जिद्दी बना देते हैं। ऐसा न करें। आपको इच्छा और जिद के बीच के अंतर को समझना होगा। बच्चे को यह समझ में आना चाहिए कि उसकी कही हर बात या उसकी हर मांग पूरी नहीं की जा सकती है। उसकी इच्छाएं जिद में न बदले, इसका प्रयास करना जरूरी है।

### अच्छे की प्रशंसा करें

बच्चों को गलती करने पर टोकना जितना जरूरी है, अच्छा करने पर प्रशंसा भी उतनी ही जरूरी है। बच्चे को अच्छी आदतों के लिए प्रोत्साहित करें और जब वह कुछ अच्छा करे, तो उसकी प्रशंसा करके उत्साह भी बढ़ाएं। इससे बच्चे को सही और गलत के बीच अंतर समझने में आसानी होती है। वह अपने कार्यों में इस अंतर को समझ पाता है कि क्या करने पर उसे टोका जा रहा है और क्या करने पर प्रशंसा मिल रही है।





# लंबे समय से खराब पड़ी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इन कामों में करें इस्तेमाल

**अगर आप बैटरी को खोलते हैं या उसे किसी इक्विपमेंट में इस्तेमाल करते हैं, तो यह खतरनाक हो सकता है। इसके साथ ही यहां कुछ काम दिए गए हैं, जिनमें आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का उपयोग कर सकते हैं।**

पुरानी इन्वर्टर बैटरी को खराब होने के बावजूद भी कई कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है। यहां कुछ ऐसे कामों की लिस्ट है, जिनमें आप इस बैटरी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस बात का ध्यान दें कि इन्वर्टर बैटरी में जहरीले रसायन होते हैं। इनका इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतें और सिक्योरिटी इक्विपमेंट पहनें। अगर आप बैटरी को खोलते हैं या उसे किसी इक्विपमेंट में इस्तेमाल करते हैं, तो यह खतरनाक हो सकता है। अगर आप अनिश्चित हैं कि क्या करना है, तो कृपया टेक्निशियन से सलाह ले सकते हैं। इसके साथ ही यहां कुछ काम दिए गए हैं, जिनमें आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का उपयोग कर सकते हैं।

### ऑफ-ग्रिड बिजली

अगर आपके पास बिजली की आपूर्ति नहीं है, तो आप पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल सौर पैनलों के साथ ऑफ-ग्रिड बिजली प्रोसेस बनाने के लिए कर सकते हैं। यह आपके घर या कारोबार को बिजली प्रदान करने में मदद कर सकता है, भले ही आपके पास ग्रिड से कनेक्शन न हो। बैटरी को ऑफ ग्रिड लाइटिंग प्रणाली के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है, जैसे कि लैंटर्स या फ्लैशलाइट्स।

### बैकअप पावर

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल बिजली कटौती के दौरान बैकअप पावर स्रोत के तौर पर कर सकते हैं। यह आपके कंप्यूटर, इक्विपमेंट को चालू रखने में मदद कर सकता है।

### पोर्टेबल पावर

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल पोर्टेबल पावर स्रोत बनाने के लिए कर सकते हैं। यह आपके कैंपिंग, टेलगेटिंग या अन्य बाहरी गतिविधियों के लिए उपयोगी हो सकता है।

### DIY परियोजनाएं

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का उपयोग विभिन्न DIY परियोजनाओं के लिए कर सकते हैं, जैसे कि सौर चार्जर, इलेक्ट्रिक गो-कार्ट या आपातकालीन प्रकाश व्यवस्था बनाना।

### स्टोरेज

आप अपनी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल अन्य वस्तुओं को स्टोर करने के लिए कर सकते हैं, जैसे कि इक्विपमेंट , खिलौने या मौसमी सजावट। यह ध्यान रखना जरूरी है कि पुरानी इन्वर्टर बैटरी की क्षमता कम हो जाती है।

### साइकिल या ऑटोमोबाइल बैटरी

इसे साइकिल या ऑटोमोबाइल की बैटरी के तौर पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे कि इसे एक उपयोगी विधिमान के रूप में दोबारा इस्तेमाल में लाया जा सके। इन सबके अलावा लंबे समय से खराब पड़ी पुरानी इन्वर्टर बैटरी का इस्तेमाल टेबलटॉप प्लांटर्स, वॉल हैंगिंग, साइड टेबल, कुर्सियां, गार्डन ऑर्नामेंट्स, लाइटिंग फीचर्स, लैंप बेस, फेयरी लाइट्स, स्कल्पचर, छोटे आइटम्स के लिए बॉक्सस, टूल होल्डर, थीम्ड डेकोरेशन, इंडस्ट्रियल थीम, रस्टिक थीम, पेंटिंग और सफाई के कामों में इस्तेमाल किया जा सकता है। ये नई बैटरी की तरह लंबे समय तक नहीं चल सकती हैं। इनका इस्तेमाल करने से पहले उनकी क्षमता का परीक्षण करना सुनिश्चित करें। पुरानी इन्वर्टर बैटरी का निपटान करते समय, यह सुनिश्चित करें कि आप इसे रीसायकल करें या इसे जिम्मेदारी से हटा दें। इन्वर्टर बैटरी में सीसा और अन्य खतरनाक सामग्री होती है। इन्हें पर्यावरण में नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

### कबाड़ इन्वर्टर बैटरी बेचकर मुनाफा कमाना

पुरानी इन्वर्टर बैटरी को बेचकर आप एक अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अगर आप प्रति किलो 70 से 80 रुपये का मुनाफा कमा रहे हैं, तो 50 किलो की बैटरी से 3500 से 4000 रुपये और 70 किलो की बैटरी से 4900 से 5600 रुपये कमा सकते हैं। सुनिश्चित करें कि आप सभी जरूरी सावधानियों का पालन कर रहे हैं और बैटरियों को सही तरीके से निस्तारित कर रहे हैं।

# ताले में बंद जनसेवा, गांव की सरकार पर सवाल, रसीदपुर पंचायत भवन सुबह साढ़े दस बजे मिला बंद

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावर।**

**मनोज खंडेलवाल ।** मंडावर उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसीदपुर में गुरुवार सुबह सरकारी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए, जब गांव की समस्याओं को लेकर पंचायत भवन पहुंचे जनसेवक एवं अधिवक्ता भुवनेश त्रिवेदी को कार्यालय पर ताला लटका मिला और निर्धारित समय के बावजूद एक भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। सुबह करीब साढ़े दस बजे पंचायत भवन का बंद होना न केवल निर्धारित कार्यालय समय की खुली अवहेलना है, बल्कि ग्रामीणों के जनसेवा पाने के अधिकार और समयबद्ध प्रशासन की संवैधानिक भावना पर सीधा प्रहार भी माना जा रहा है। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि समय तय होने के बाद भी कर्मचारियों की गैरहाजिरी यहां बार-बार की समस्या बन चुकी है, जिससे क्षेत्रीय आमजन को खाली हाथ लौटना पड़ता है, उनकी मजदूरी छूटती है और जरूरी प्रमाण-पत्रों, पेंशन, जाति-निवास जैसे कार्यों के लिए उन्हें बार-बार भटकना पड़ता है। जनसेवक भुवनेश त्रिवेदी ने



कड़ा एतराज जताते हुए कहा कि जब गांव की सरकार के दरवाजे ही समय पर नहीं खुलते तो आमजन अपनी फरियाद कहां लेकर जाए, यह लापरवाही लोकसेवा के मूल उद्देश्य के विपरीत है और इसमें जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। घटना के बाद पंचायत भवन पर लटके ताले की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए, जहां ग्रामीणों ने व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए जवाबदेही तय करने और दोषी कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। जनसेवक ने जिला प्रशासन से मौके की जांच कर ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों की जवाबदेही तय करने, पंचायत कार्यालय को नियमित समय पर खुलवाने और भविष्य में ऐसी स्थिति की पुनरावृत्ति रोकने के लिए उपस्थिति की सख्त निगरानी व्यवस्था लागू करने की मांग की है।

### इनका कहना है??

गुरुवार को मैं आवश्यक सरकारी कार्य से पंचायत समिति महवा गया हुआ था। इसी दौरान महिला बाबू और गार्ड भी व्यक्तिगत आवश्यक कार्यों के कारणो के समय पर ग्राम पंचायत कार्यालय नहीं पहुंच सके, जिसके चलते ग्राम पंचायत कार्यालय निर्धारित समय पर नहीं खुल पाया और देरी हुई।

**भीमसिंह (ग्राम विकास अधिकारी,ग्राम पचांयत रसीदपुर)**

151 निशानो के साथ पांच दिवसीय पदयात्रा मंडावा से खादूधाम रवाना

# निशान यात्रा से पूर्व दीप प्रज्वलन, जोत, निशान पूजा कर श्रद्धालुओं ने लगाई बाबा श्याम को धोक

### पूर्व संध्या पर भजन संध्या ओर धार्मिक कार्यक्रम हुए आयोजित।

**भीम प्रज्ञा न्यूज.मंडावा।**

**पवन कुमार शर्मा ।** शीश के दानी,हारे का सहारा बाबा श्याम के जयकारो के साथ श्री श्याम जन कल्याण सेवा समिति के तत्वाधान में पांच दिवसीय मंडावा से खाटूधाम के लिए 151 निशानो के साथ पैदल जत्था आज मंडावा से रवाना हुआ। यात्रा से पुर्व राजेश सैन निवास खेमाणियों के कुएं के पास से पंडित चौथमल महर्षि के सानिध्य में मुख्य यजमान सहित सैकड़ो श्रद्धालुओ ने जोत प्रज्जवलीत कर धोक लगाते हुए निशानो की पुजा की। पदयात्रा सेन निवास से गाजे बाजे के साथ रवाना हुई जिसका विभिन्न मार्गों सहित फतेहपुर स्टेंड मुख्य बाजार,सुभाष चौक,मुकुन्दगढ़ स्टेंड सहित अनेक जगह पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया



गया। इस अवसर पर पदयात्रियो के जत्थे का अलखियान जोहड़े के पास दुर्गा मंदिर में स्वागत करने के बाद अल्पहार कर खाटूधाम को रवाना हुए। पांच दिवसीय पदयात्रा मंडावा से मुकुंदगढ़, नवलगढ़,सीकर, रानोली से होते हुए 22 फरवरी को खाटूधाम पहुंचेगी जहां विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात 23 फरवरी को निशान बाबा श्याम के दरबार में अर्पित किए जाएंगे। इस अवसर पर शिवचरण गाड़ोदिया, बनवारीलाल गाड़ोदिया, आलोक महर्षि,दीपक खांडल,राजेश रणजीरोत,पंकज पशुपति शर्मा, गोविंद सोनी,योगेश कुमार,रमेश लुहारूवाला, संजय जोशी, मधु जोशी ,राजेन्द्र पालावत, चांद कंवर, आयुष जोशी , अनिल शर्मा मुंबई , इंदु शर्मा मुंबई,कृष्ण चेजारा, संदीप परिहार,विनायक शर्मा उमा खेमानी, सरोज सिंघानिया, संजू, मंजू सहित सैकड़ो पदयात्रियो ने हिस्सा लिया।

# सहकारिता सेवा के अधिकारी पीथदान चारण बने संयुक्त रजिस्ट्रार

**भीम प्रज्ञा न्यूज.पलसाना।**

सहकारिता विभाग राजस्थान जयपुर के द्वारा विभागीय रिव्यू पदोन्नति कमेटी (डीपीसी) की बैठक का आयोजन किया गया। सहकारी कर्मचारी संघ के उपाध्यक्ष महादेव सिंह ऐचरा ने बताया कि सह?कारिता सेवा के पांच अधिकारियों को पदोन्नत किया गया, जिनमें पीथदान चारण जो कि वर्तमान में सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां डीडवाना-कुचामन के पद पर पदस्थापित है। को सीधे ही संयुक्त रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नत किया गया है। श्री चारण सीधी भर्ती के अंतर्गत चयनित 1997 बैच के सहकारिता सेवा के अधिकारी है। जिनको रिव्यू डीपीसी में सहायक रजिस्ट्रार से उप रजिस्ट्रार के पद पर वर्ष 2015-16 से पदोन्नत किया गया तथा उप रजिस्ट्रार से संयुका रजिस्ट्रार के पद पर वर्ष 2022-21 में (01.04.2022 से ही पदोन्नत किया गया है। संयुक्त सचिव सहकारिता विभाग के द्वारा जारी आदेशों की अनुपालना में श्री चारण के द्वारा दिनांक



13.2.2026 को ही संयुक्त रजिस्ट्रार (सहकारिता विभाग के पद का पदभार (सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां डीडवाना-कुचामन के पद पर यथावत पदस्थापित रहते हुए ग्रहण कर लिया गया है । जिसकी सूचना सहकारिता विभाग को दी जा चुकी है। श्री चारण के द्वारा सीकर जिले में विभिन्न पदों पर कार्य किया गया है, जिसमें श्री चारण वर्ष 2000-2001 में सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां सीकर के पद पर वर्ष 2003-2004 एवं वर्ष 2019 में दो बार सीकर केंद्रीय सहकारी बैंक लि. सीकर में अधिशाषी अधिकारी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके है । इसके अलावा की चारण सीकर जिले में वर्ष 2007-2008 में दुग्ध संघ पहसाना (सीकर) में सहायक रजिस्ट्रार (डेयरी) के पद पर भी पदस्थापित रहे है।

इसके अलावा श्री चारण जून 2012 से लगातार फरवरी 2018 तक लगभग 5 वर्ष तक प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक लि. सीकर में सचिव के पद पर पदस्थापित रह कर इनके द्वारा बैंक की ऋण वसूती एवं कम वितरण में महत्वपूर्ण भूमिका रहीं है। श्री चारण राजस्थान में सहकारिता सेवा के तेज तर्रार एवं सहकारिता अधिनियम एवं नियमों के अच्छे ज्ञाता अधिकारी के रूप में जाने जाते है। वर्ष 2020 से अक्टूम्बर 2025 तक श्री चारण प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक लि. हनुमानगढ़ में बतौर सचिव के पद पर पदस्थापित रह कर इनके द्वारा उक्त बैंक के उज्यान हेतु अथक प्रयास किये गये है। श्री चारण एक मृदु भाषी, सहकारी नियमों के अच्छे ज्ञाता एवं एक ईमानदार छवि के अधिकारी है। राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 राजस्थान सहकारी सोसायटी नियम 2003 एवं विभिन्न सहकारी संस्थाओं के उप नियमों की श्री वारण की अच्छी जानकारी है साथ ही श्री चारण का बड़ा पुत्र विश्वप्रकाश चारण वर्तमान में तहसीलदार के पद पर है, जो कि 2016 के बैच के तहसीलदार सेवा के अधिकारी है। सीकर जिले के अलावा राजस्थान के अन्य जितों में भी श्री चारण सहायक रजिस्ट्रार सहकारी समितियां झुन्झुनू चुरू एवं जपपुर (प्रामीण) विशेष लेखा परीक्षक सहकारी समितियां चुरू एवं हनुमानगढ़, 2 बार अधिशाषी अधिकारी सीसीबी बीकानेर, महाप्रबंधक सहकारी उपभोक्ता होलसेल भण्डार लि. श्रीगंगानगर तथा सविद प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंक लि. सवाई माधोपुर के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। इस प्रकार श्री चारण सहकारिता विभाग में विभिन्न सहकारी संस्थाओं का अच्छा ज्ञान रखते है तथा विभिन्न सहकारी संस्थाओं के सफल निर्वाचन करवाने में श्री चारण को महारथ हासिल है।

# चंद्र भगवान जन कल्याण संस्थान द्वारा एक मेगा चिकित्सा शिविर संपन्न

### नर सेवा को नारायण सेवा मानकर जन सेवा करनी चाहिए : जगदीश मीणा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.जयपुर।**

**सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ।** चंद्र भगवान जन कल्याण संस्थान द्वारा होटल चंद्र महल बस स्टैंड पावटा पर विशाल चिकित्सा एवं नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन प्रभाती देवी, नाथूराम मीणा एवं भगवान सहाय मीणा की पुण्य स्मृति में पत्रकार जगदीश सेन, समाजसेवी सुरेश शर्मा, बंसी गुर्जर, हेमराज कुमावत, वेद प्रकाश बाकोलिया के सानिध्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन संत शिरोमणि गोपाल आश्रम के महामंडलेश्वर ज्ञानदास महाराज ने किया। कार्यक्रम में जैन ईएनटी अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा 380 मरीजों की जांच एवं दवाइयां निशुल्क वितरण की गई। पांच लोगों को सुनने की मशीन वितरण की गई। कार्यक्रम में बीडीएम अस्पताल एवं पावटा चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा 80 लोगों को आंखों की दवाइयां वितरण की गई एवं 11 लोगों का ऑपरेशन करने के लिए चिन्हित किया गया। फिजिशियन चिकित्सक द्वारा 113 लोगों को जांच एवं दवा दी गई। 21 बुजुर्ग जोड़ों को शॉल एवं साफा भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही माता-पिता पूजन भी



किया गया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जगदीश मीणा ने कहा कि नर सेवा को नारायण सेवा मानकर जन सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं आजीवन जन सेवा का कार्य करते हुए संतो बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त करता रहूंगा। मंच का संचालन जगदीश प्रसाद सेन ने किया एवं सुरेश शर्मा बागावास ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान कांग्रेस के सीनियर नेता रामनिवास यादव, सामाजिक कार्यकर्ता दीपक शर्मा, गुमान मीणा, आदिवासी जिला कांग्रेस के अध्यक्ष जगदीश मीणा, पंसस. वेद प्रकाश बाकोलिया, समाजसेवी बंसी गुर्जर, गोवर्धन कुमावत, भोमाराम यादव, शंकर जांगिड़, ओम प्रकाश शर्मा, कैलाश स्वामी सहित इत्यादि लोग मौके रहे।

# प्राचार्य डॉ. राकेश साबू के खिलाफ चिकित्सकों का विरोध तेज, पांचवें दिन भी जारी रहा प्रदर्शन

## 175 संस्थानों के 400 चिकित्सक आंदोलन में शामिल, काली पट्टी बांधकर जता रहे विरोध

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राकेश साबू के कथित तानाशाही एवं बर्बर रवैये के विरोध में जिलेभर के चिकित्सकों का आंदोलन पांचवें दिन भी जारी रहा। छह सेवारत चिकित्सकों की बर्खास्तगी के विरोध में शुरू हुआ यह आंदोलन अब व्यापक रूप ले चुका है। जिले के करीब 175 संस्थानों के लगभग 400 चिकित्सक इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हैं। चिकित्सक गांधीवादी तरीके से काली पट्टी बांधकर अपनी सेवाएं देते हुए विरोध दर्ज करा रहे हैं। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अरिसदा (ARISDA) के अध्यक्ष डॉ. एस. ए. जब्बार ने बताया कि 12 फरवरी को जीएमसी प्राचार्य द्वारा नियमों के विरुद्ध और अधिकार क्षेत्र से परे जाकर पदनामित चिकित्सकों को बर्खास्त करने से मामला गरमा गया। उन्होंने कहा कि सेवारत चिकित्सक मरीजों को निरंतर सेवाएं देते हुए विरोध जता रहे हैं, लेकिन यदि उचित कार्रवाई नहीं हुई तो चिकित्सकों को कार्य बहिष्कार के लिए मजबूर




होना पड़ेगा। अरिसदा के उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ शर्मा ने कहा कि झुंझुनूं मेडिकल कॉलेज में माइक्रोबायोलॉजी एवं फार्माकोलॉजी की एकमात्र फैकल्टी को हटाए जाने से विद्यार्थियों के भविष्य और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग की मान्यता पर भी संकट उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि निःशुल्क शिक्षण कार्य कर रहे चिकित्सक स्वयं को आहत और अपमानित महसूस कर रहे हैं। अरिसदा के महासचिव डॉ. राजेन्द्र ढाका ने बताया कि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित कार्य बहिष्कार को फिलहाल स्थगित किया गया है। गुरुवार को चिकित्सक काली पट्टी बांधकर विरोध जारी रखेंगे, जबकि शुक्रवार को गेट मीटिंग आयोजित कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। मांगें नहीं माने जाने की स्थिति में कार्य बहिष्कार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान डॉ. राजेन्द्र ढाका, डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. श्रीराम दुलड़, डॉ. शीशराम गोठवाल, डॉ. पुष्पा रावत, डॉ. राजेन्द्र पायल, डॉ. जगदेव सिंह, डॉ. राजेन्द्र गजराज, डॉ. मधु तंवर, डॉ. आकांक्षा, डॉ. मनीषा चौधरी, डॉ. श्वेता, डॉ. दीपक देवठिया, डॉ. सपना झाझड़ियां, डॉ. राहुल सोनी, डॉ. गौरव बूरी, डॉ. ईकराज अहमद, डॉ. दुष्यंत बसेरा, डॉ. प्रियंका कस्वा, डॉ. सुरेश मील, डॉ. नेमीचंद, डॉ. संदीप नेमीवाल, डॉ. प्रमोद तेतरवाल, डॉ. प्यारेलाल भालोठियां, डॉ. अरविंद जाखड़, डॉ. नवीन, डॉ. कपूर थालौर, डॉ. जयसिंह, डॉ. पूनम चौधरी सहित बड़ी संख्या में चिकित्सकों ने विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। चिकित्सकों ने प्रशासन से मांग की है कि बर्खास्त किए गए चिकित्सकों को पुनः बहाल किया जाए तथा मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई की जाए।

# पॉक्सो प्रकरण में आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग, जिला संघर्ष समिति ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.झुंझुनूं।**

अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अत्याचार विरोधी जिला संघर्ष समिति के बैनर तले पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं को ज्ञापन सौंपकर थाना सूरजगढ़ में दर्ज एफआईआर संख्या 14/2026 (पॉक्सो एक्ट) के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की। समिति के जिलाध्यक्ष रामानंद आर्य के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि संबंधित प्रकरण गंभीर प्रकृति का है, ऐसे में दोषियों की तुरंत गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए ताकि पीड़ित पक्ष को न्याय मिल सके और कानून व्यवस्था पर




आमजन का विश्वास बना रहे।प्रतिनिधिमंडल में संरक्षक बलवीर सिंह काला, जिला महासचिव विकास आल्हा, किशनलाल नायक, ओमप्रकाश, धर्मपाल, सतवीर, सूबेदार राजेन्द्र कुमार, प्रियंका, अशोक, देवकरण सिंह महरिया सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।समिति पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन आगामी दिनों में आंदोलन की रणनीति बनाने को बाध्य होगा।

# बागड़ी हाउस में दो दिवसीय ऐतिहासिक जलसा, संत-महात्माओं का समागम, देश-प्रदेश के गणमान्य जनों का हुआ आगमन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

शेखावाटी अंचल ने एक बार फिर भव्य आयोजन के जरिए इतिहास रच दिया। लक्ष्मणगढ़ स्थित बागड़ी हाउस में आयोजित दो दिवसीय ऐतिहासिक जलसा आध्यात्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से यादगार बन गया। अवसर था महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति लक्ष्मणगढ़ के अध्यक्ष अनिल कुमार बागड़ी दम्पति की वैवाहिक वर्षगांठ की गोल्डन जुबली तथा युवा उद्यमी राकेश कुमार बागड़ी दम्पति की सिल्वर जुबली का। आयोजन के प्रथम दिन बुधवार को शेखावाटी अंचल के आधा दर्जन से अधिक संत-महात्माओं के सानिध्य में भजन-कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित हुआ। स्थानीय कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। बड़ी संख्या में प्रवासी, परिजन और स्थानीय नागरिकों ने उपस्थित होकर भजनों का रसपान किया। दूसरे दिन आयोजित वैवाहिक वर्षगांठ समारोह में पांडाल और भवन को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। लजीज व्यंजनों, शेखावाटी की विशेष चाट और मधुर संगीत के बीच आतिशबाजी के साथ दोनों दम्पतियों की मंच पर भव्य एंट्री हुई। सुसज्जित मंच पर



अनिल कुमार बागड़ी-श्रीमती शारदा बागड़ी की गोल्डन जुबली तथा राकेश कुमार बागड़ी-श्रीमती प्रियंका बागड़ी की सिल्वर जुबली का उल्लासपूर्ण समारोह मनाया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में दुबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, मुंबई, दिल्ली, अहमदाबाद सहित देश-विदेश के विभिन्न क्षेत्रों से उद्योगपति, प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, व्यापारी, पत्रकार एवं प्रबुद्धजन शामिल हुए।आयोजन ने लक्ष्मणगढ़ में एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए सामाजिक एकता, आध्यात्मिक समरसता और सांस्कृतिक वैभव की अनूठी मिसाल पेश की।

# विमला ओम उपाध्याय बनीं गुजरात प्रदेश अध्यक्ष

### अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला सभा ने सौंपी बड़ी जिम्मेदारी

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर/गुजरात।**

**सोहनलाल परिहार ।** समाज सेवा और राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय पहचान रखने वाली विमला ओम उपाध्याय को अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें अखिल भारतवर्षीय गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महिला सभा की गुजरात प्रदेश इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति महासभा के शीर्ष नेतृत्व की सहमति से की गई। इस संबंध में ओमप्रकाश जोशी (राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिल भारतवर्षीय श्री गुर्जर गौड़ ब्राह्मण महासभा), प्रद्युम्न जोशी (राष्ट्रीय प्रधानमंत्री) एवं माया त्रिवेदी (राष्ट्रीय



महिला अध्यक्ष) की उपस्थिति में औपचारिक घोषणा की गई। मूल रूप से बीकानेर जिले के कोलासर गांव की निवासी विमला ओम उपाध्याय वर्तमान में गुजरात में प्रवासी के रूप में सक्रिय हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनका लंबा अनुभव रहा है। वे पूर्व में महासभा की राष्ट्रीय केंद्रीय मंत्री रह चुकी हैं। साथ ही राजस्थान प्रभारी तथा दो बार गुजरात के सूरत में महिला अध्यक्ष के पद पर सफलतापूर्वक कार्य कर चुकी हैं।राजनीतिक क्षेत्र में भी उनका सक्रिय योगदान रहा है। वे भारतीय जनता पार्टी में बीकानेर महामंत्री के रूप में कार्य कर चुकी हैं। समाज में उनकी मजबूत पकड़ मानी जाती है और उनके साथ समर्पित महिलाओं की एक सशक्त टीम जुड़ी हुई है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता से गुजरात प्रदेश में समाज के संगठन विस्तार और उत्थान को नई दिशा मिलेगी।

# जनगणना कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ करें पूर्ण- विश्राम मीणा, संभागीय आयुक्त

### जनगणना के प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम का संभागीय आयुक्त और कलेक्टर ने किया उद्घाटन

### जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन गुरुवार को संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा और जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान में किया। इस अवसर पर एडिशनल डायरेक्टर डॉ नरेन्द्र कुमार थोरी, सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल खीचड़ भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संभागीय आयुक्त विश्राम मीणा ने कहा कि जनगणना-2027 से संबंधित सभी अधिकारी जनगणना कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्धता के साथ पूर्ण करें। इस बार जनगणना कार्य तकनीकी आधारित डिजिटल तरीके से की जा रही है। और इसकी मॉनिटरिंग भी आधुनिक तरीके से की जा रही है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आधार पर ही देश में नीतियां बनाई जाती है और विकास के कार्य करवाए जाते हैं। लिहाजा जनगणना के आंकड़े पारदर्शी हों। मीणा ने बताया कि देश में मौर्य काल से ही जनगणना की जा रही है। आधुनिक काल में देश में 1872 में जनगणना शुरू हुई। वर्ष 2027 की जनगणना देश की 16वीं जनगणना है। वहीं देश आजाद होने के बाद की यह 9 वीं जनगणना है। इससे पहले वर्ष 2011 में देश



में जनगणना की गई। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने सभी अधिकारियों को जनगणना की ट्रेनिंग अच्छे से लेने और कार्य को समय पर पूर्ण करने हेतु प्रोत्साहित किया। सांख्यिकी विभाग के संयुक्त निदेशक धर्मपाल खीचड़ ने बताया कि निदेशक एवं मुख्य प्रमुख जनगणना अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय के निर्देशानुसार जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए जिला एवं चार्ज अधिकारियों का प्रशिक्षण 19 से 20 फरवरी दो दिन एवं नियमित सहायकों का प्रशिक्षण 19 से 21 फरवरी तक तीन दिन तक हरिश्चंद्र माथुर राजस्थान लोक प्रशासन संस्थान में आयोजित किया जा रहा है। खीचड़ ने बताया कि सहायक निदेशक कल्पेश गुप्ता एवं सांख्यिकी अन्वेषक ग्रेड सेकेण्ड श्री अशोक गोदारा जनगणना कार्य निदेशालय जयपुर के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खीचड ने बताया कि प्रथम दिवस प्रशिक्षण में जिला जनगणना अधिकारी, उप जिला जनगणना अधिकारी, नगर निगम के जनगणना अधिकारी, जिले के समस्त उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, अधिशाषी अधिकारी एवं नायब तहसीलदार तथा प्रत्येक चार्ज क्षेत्र से एक नियमित सहायक प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# स्व.श्रीमती सुषमा जोशी की प्रथम पुण्य तिथि पर विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर 25 को माहेश्वरी सेवा सदन लक्ष्मणगढ़ में

**भीम प्रज्ञा न्यूज.लक्ष्मणगढ़।**

केसरी नंदन बालाजी मंदिर के पास वार्ड में स्थित माहेश्वरी सेवा सदन मे रामस्वरूप जोशी, हरिशंकर जोशी, रामरतन जोशी, एडवोकेट रामकरण जोशी, गणेश प्रसाद जोशी के सौजन्य से स्व.श्रीमती सुषमा जोशी की प्रथम पुण्यतिथि पर 25 फरवरी को प्रातः 11 बजे से अपराह्न 3बजे तक नि:शुल्क चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया है। आयोजन समिति के रामस्वरूप जोशी ने बताया कि शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर एवं ई सी जी जाँच नि:शुल्क की जायेगी। उन्होंने बताया कि शिविर में निम्स अस्पताल जयपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेगी। शिविर में मेडिसिन, सर्जरी, महिलारोग, नेत्ररोग, बालरोग, हड्डीरोग, त्वचा रोग विभाग की सेवाएं उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि मरीजों को शिविर से अस्पताल आने जाने के लिए वाहन सुविधा उपलब्ध रहेगी। उन्होंने बताया कि जांच एवं परामर्श के लिए आने वाले मरीज को अपना आधार व जनाधार कार्ड साथ लाना होगा।

# अखिल भारतीय ब्रह्म महासभा एवं गांधी सर्वोदय संस्थान का सम्मान समारोह आयोजित




**भीम प्रज्ञा न्यूज.नीमराना।**

**रमेशचंद / डीग, भरतपुर ।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा एवं गांधी सर्वोदय संस्थान के द्वारा मोहन जी के मंदिर डीग पर जरूरत मंद विधवा महिलाओं को 101 कंबल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन मोहन स्वरूप पाराशर और उमेश पाराशर भामाशाह द्वारा किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीताराम डीवाईएसपी जिला मुख्यालय डीग रहे, जबकि वरिष्ठ भाजपा नेता लखपत सिंह गुर्जर ने अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथियों में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनीता राघव, गोपाल प्रसाद शर्मा प्राचार्य, प्रदीप शर्मा (बंटू), और कृष्ण बल्लभ शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम में समाज सेवा के क्षेत्र में लखपत सिंह गुर्जर और रोशनी चौधरी को सम्मानित किया गया, जबकि शिक्षा के क्षेत्र में लक्ष्मण पाराशर और केपी सिंह को सम्मानित किया गया। इसके अलावा, कक्षा दस में अंक लाने वाले विद्यार्थियों में देव मुद्गल, व्योम मुद्गल, और कनिष्क मुद्गल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रभान चंद्र ने किया, जिसमें सतीश दुबे, विष्णु पहाड़ी, लक्ष्मण सिंह बालोदिया, दीपचंद शर्मा, विनीता पचौरी, जगत पाराशर, और उमेश शर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायतों में सरपंच और पंच के रिक्त पदों के उप चुनाव के दृष्टिगत वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने बारे कार्यक्रम जारी

### 9 मार्च तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे दावे व आपत्तियां

### 27 मार्च 2026 को मतदाता सूची का होगा अंतिम प्रकाशन

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद/टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डा. विवेक भारती ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 तथा हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं सरपंच/पंच पदों के उपचुनाव के लिए वार्डवार मतदाता सूचियों के प्रकाशन हेतु



कार्यक्रम जारी किया गया है। डा. विवेक भारती ने बताया कि जिला के 3 सरपंचों, 1 पंचायत समिति सदस्य और 28 पंचों के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव करवाये जायेंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डा विवेक भारती ने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायतों की वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के आधार पर तैयार की जाएगी। कोई भी व्यक्ति अपना नाम ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में शामिल करवाने से पूर्व संबंधित विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करवाना सुनिश्चित करे। जारी कार्यक्रम के अनुसार वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने हेतु संबंधित क्षेत्रों के निर्वाचकों का वितरण कार्य 28 फरवरी 2026 तक किया जाएगा। इसके उपरांत ग्राम पंचायतों की वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 2 मार्च 2026 को किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची की प्रतियां निरीक्षण हेतु संबंधित ग्राम सचिव, तहसीलदार (राजस्व), खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) कार्यालय में नि:शुल्क उपलब्ध रहेंगी। साथ ही मतदाता सूची जिला प्रशासन की वेबसाइट पर भी उपलब्ध करवाई जायेंगी। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डा. विवेक भारती ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 9 मार्च 2026 निर्धारित की गई है, जबकि प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटान 12 मार्च 2026 तक किया जाएगा। दावों एवं आपत्तियों के निपटारे के विरुद्ध 16 मार्च 2026 तक उपायुक्त-कम-जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के समक्ष अपील दायर की जा सकेगी, जिनका निपटान 19 मार्च 2026 तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 मार्च 2026 को किया जाएगा।

# फूलों की होली कार्यक्रम को लेकर हुआ बैठक का आयोजन



**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति आयाम द्वारा फूलों के संग होली धमाल कार्यक्रम आयोजित करने हेतु बैठक का आयोजन किया गया। मातृशक्ति संयोजिका अनीता कुमावत ने बताया की 26 फरवरी 2026 को सायं 2.30 बजे से हनुमानगढ़ बालाजी परिसर में मातृशक्ति द्वारा फूलों के संग होली धमाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में नवलगढ़ क्षेत्र की महिलाएं फूलों के संग होली खेलेंगी तथा धमाल कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण होगा। बैठक में मातृशक्ति संयोजिका अनिता कुमावत, सहसंयोजिका ममता सैनी, मंजुला रुथंला, भगवती मोयल, नीतू जांगिड़, ममता घोडेला, गिरिजा मिश्रा श्वेता पारीक,आशा सैनी उपस्थिति रही।

# श्री गुरुजी के जन्मदिवस पर शताब्दी रक्तदान शिविर का आयोजन

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

लक्ष्मण सिंह भैयाजी सेवा संस्थान द्वारा श्री गुरुजी के जन्मदिवस के उपलक्ष में शताब्दी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रू.र. कृष्ण प्रनामी विद्यालय, चिड़ावा में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांत कार्यालय प्रमुख सत्यनारायण एवं कर्नल सुरेश जांगिड़ द्वारा दीप प्रज्वलन कर शिविर का शुभारंभ किया गया।




शताब्दी वर्ष के अवसर पर समाज के सहयोग से 100 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर इस पुनीत कार्य में योगदान दिया। शिविर के दौरान 'पंच परिवर्तन' विषय पर भी प्रकाश डाला गया और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया गया। संस्थान के सचिव सुनील सिद्धड शिविर में पधारे सभी रक्तदाताओं एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका सम्मान किया। शिविर में डीएसएम अस्पताल द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग संचालक अशोक, जिला संचालक अनिल , सहसंचालक संदीप, सह जिला कार्यवाह उमराव सिंह, जिला प्रचारक कुमार योगेश,हेमसिंह (मोटिवेशनल) रवीन्द्र खंड कार्यवाह सुल्ताना खंड , भूपेन्द्र, नवीन श्री राम बस्ती, सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं समाजबंधु उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित, नियमों की सख्ती से पालन के निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने बाल वाहिनियों की नियमित जांच करने के निर्देश देते हुए शिक्षा एवं चिकित्सा विभाग को बाल वाहिनियों के चालकों की नेत्र जांच के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। साथ ही पुलिस विभाग के अधिकारियों को eDAR एप्लीकेशन पर सभी सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी समय पर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने झुंझुनूं शहर में उपयुक्त पार्किंग स्थलों की पहचान करने तथा शहरी निकायों के अधिकारियों को मुख्य सड़कों से नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि यातायात सुचारू और सुरक्षित बनाया जा सके। बैठक में पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता सतीश चंद्र गुप्ता, सीडीईओ अशोक शर्मा सहित पुलिस, परिवहन, शहरी निकाय एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# टोहाना पुलिस की बडी कार्यवाही-महिला पर हमला करने के मामले में पिता-पुत्र काबू

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन, आईपीएस के मार्गदर्शन में घरेलू हिंसा और महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए, थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक महिला पर जानलेवा हमला करने के मामले में उसके पति और बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।थाना सदर टोहाना प्रभारी उप-निरीक्षक सादीराम ने बताया कि जीतो (50 वर्ष) निवासी जमालपुर शेखां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 11 फरवरी की रात करीब 10 बजे उसका पति महेन्द्र उर्फ लालचन्द और बेटा अभय उर्फ बाली नशे की हालत में घर आए। दोनों ने उसका रास्ता रोक लिया और बेटे अभय ने हाथ में ली लोहे की रॉड से महिला के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। आरोपी जाते-जाते महिला को जान से मारने की धमकी भी देकर गए। मेडिकल रिपोर्ट वा पिडिता के ब्यानों के आधार पर अभियोग संख्या-25 दिनाँक.14.02.2026 धारा115(2),126,351(2),3(5) BNS के तहत मामला दर्ज कर दोनो आरोपियों अभय उर्फ बाली पुत्र मेहन्द्र निवासी जमालपुर शेखां वा महेन्द्र पुत्र प्रभुराम निवासी जमालपुर शेखां को गिरफ्तार कर लिया है वा नियमानुसार पूछताछ के बाद आरोपियों को जमानत पर रिहा किया गया है और मामले की आगामी जांच जारी है।

**फतेहाबाद पुलिस का संदेश:** पुलिस प्रशासन स्पष्ट करता है कि घरेलू हिंसा और महिलाओं के साथ मारपीट करने वाले तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। नशे की हालत में अपराध करने वालों के विरुद्ध पुलिस की यह कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# धर्म ध्वज की हुई स्थापना, आज होगी मातृ शक्ति शौर्य वाहन रैली

### कल होगी भव्य कलश यात्रा एवं सूर्यमंडल खेल मैदान में होगी धर्म सभा

**भीम प्रज्ञा न्यूज.नवलगढ़।**

**कमल किशोर पंवार ।** सर्व हिंदू समाज की ओर से 21 फरवरी को विराट हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसी संबंध में गाजे - बाजे के साथ धर्मध्वज लेकर विशाल पराक्रम वाहन शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा घेर के मंदिर से प्रारंभ होकर नगर में भ्रमण करती हुई सूर्यमण्डल पहुंची। रास्ते में धर्मध्वज को रामदेव जी महाराज के धोंक दिलवाई गई। इसके पश्चात विधि - विधान से पूजा अर्चना करके सूर्य मण्डल में कार्यक्रम स्थल पर स्थापित की गई। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवरतन मुरारका ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन सम्राट प्रकाश माली देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। संचालन हरीश हिंदुस्तानी करेंगे। इसके अलावा काफी संख्या में



शेखावाटी के संत- महात्माओं की उपस्थिती रहेगी। 21 फरवरी को गणेश मंदिर, गायत्री मंदिर व महर्षि मंगलदत्त स्मारक भवन से कलश यात्रा व शोभायात्रा निकाली जाएगी। कलश यात्रा में शामिल होने वाली महिलाओ को लक्की ड्रा का कूपन देकर रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। कार्यक्रम को लेकर सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा कार्यकताओं के द्वारा लिया गया है। सनातन संस्कृति के लिए पर्यावरण संरक्षण, गौ - पालन आदि समाज जीवन के विषयों पर उत्कृष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# युवाओं की सक्रियता और जनसहयोग से दूर होगी पानी की किल्लत, बीजेपी नेता राजेश दहिया ने किया बोरिंग कार्य का शुभारंभ

**भीम प्रज्ञा न्यूज.चिड़ावा।**

शहर के वार्ड संख्या 20, जोशियों की बगीची क्षेत्र में पिछले लंबे समय से गहराया जल संकट अब बीते दिनों की बात होने जा रहा है। स्थानीय युवाओं की जिजीविषा और सामूहिक प्रयासों के फलस्वरूप क्षेत्र में नए बोरिंग कार्य का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस विकास कार्य का श्रीगणेश भाजपा नेता राजेश दहिया ने वैदिक मंत्रोच्चार और पूजा-अर्चना के साथ किया। कार्यक्रम उस समय उत्सव में बदल गया जब वार्ड की महिलाओं ने मंगल गीत गाकर इस पहल का



स्वागत किया। स्थानीय नागरिक पंकज शर्मा, सोनू जोशी और शिवम शर्मा एडवोकेट की त्रिमूर्ति ने इस मांग को लेकर लगातार पैरवी की थी, जिसे अब अमलीजामा पहनाया गया है। पूर्व नगर अध्यक्ष बाबूलाल वर्मा और पूर्व पार्षद रविकांत शर्मा सहित उपस्थित गणमान्य लोगों ने इसे 'जन-एकता' की जीत बताया।वार्डवासियों का कहना है कि पानी की किल्लत से वे त्रस्त थे, लेकिन युवाओं की सक्रियता ने प्रशासन और नेतृत्व को समाधान के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुनील सिद्धड़, अनिल अग्रवाल, विनोद टेलर, गौतम जोशी, और मंजू अरडीतया सहित भारी संख्या में मातृशक्ति एवं वार्डवासी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में युवाओं के इस सकारात्मक प्रयास की सराहना की।

# साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित, बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**

जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संपर्क पोर्टल पर दर्ज परिवादों की स्थिति एवं निस्तारण की प्रगति के साथ राज्य सरकार की विभिन्न फ्लैगशिप योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गई। जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए कहा कि वित्तीय वर्ष के सभी कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किए जाएं तथा लंबित भुगतानों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने बजट घोषणाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन घोषणाओं के क्रियान्वयन के लिए भूमि आवंटन आवश्यक है, उनके प्रस्ताव शीघ्र प्रेषित किए जाएं। बैठक में जलदाय विभाग के अधिकारियों को आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पेयजल आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए समर कंटीन्जेंसी प्लान तैयार करने व आवश्यक टेंडर प्रक्रिया समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य, मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र यादव, एसडीएम कौशल्या बिश्नोई, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता राजपाल सिंह, जिला



लेखाधिकारी डॉ. सतीश खेदड़, सीएमएचओ डॉ. छोटेलाल गुर्जर, पीएमओ डॉ. जितेंद्र भांबू, नगर परिषद आयुक्त देवीलाल, महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक विप्लव न्यौला, प्रशासनिक सुधार विभाग की सहायक निदेशक सृष्टि, एपीआरओ विकास चाहर, समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पूनिया, जिला रसद अधिकारी डॉ. निकिता राठौड़, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंद्र सिंह लांबा, सीडीईओ अशोक शर्मा, डीईओ प्रारंभिक संतोष सोहू, पर्यटन विभाग के सहायक निदेशक देवेंद्र चौधरी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नेहा झाझडिया, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चौपदार, जिला खेल अधिकारी राजेश ओला सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# धार्मिक आयोजनों से समाज में संस्कार और सद्भाव बढ़ता है: सांसद सुभाष बराला

### 67वें श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ में पहुंचे राज्यसभा सांसद सुभाष बराला

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** डेरा बाबा श्याम पुरी जी महाराज (शिव मंदिर), धारसूल में 67वें वार्षिक संगीतमय श्रीमद् भागवत सत्संग ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ। यह आयोजन 12 फरवरी से 19 फरवरी तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर कथा, भजन और सत्संग का आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया। राज्यसभा सांसद श्री सुभाष बराला ने ज्ञान यज्ञ में सम्मिलित होकर संत-महात्माओं के सान्निध्य में श्रीमद् भागवत कथा, संगीतमय भजनों और सत्संग का दिव्य लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने आयोजकों, श्रद्धालुओं और सेवाभावी कार्यकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। उन्होंने मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आयोजन की सफलता हेतु शुभकामनाएं भी प्रेषित कीं।



उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। ऐसे ज्ञान यज्ञ समाज में संस्कार, सद्भाव, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि जब समाज में आध्यात्मिकता मजबूत होती है, तो परिवार, युवा पीढ़ी और सामाजिक ताने-बाने में भी स्थिरता आती है। यह आयोजन न केवल श्रद्धालुओं की आस्था को सुदृढ़ करता है, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा भावना और सांस्कृतिक परंपराओं को भी आगे बढ़ाता है। पूरे सप्ताह चले इस श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण, संकीर्तन, भजन-कीर्तन एवं सत्संग में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कर जरूरतमंदों को लाभान्वित करें - राजेन्द्र कुमार नायक

### एससी वित्त एवं विकास आयोग अध्यक्ष ने संयुक्त बैठक में दिए निर्देश

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** राजस्थान राज्य अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास आयोग के अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार नायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रीय निगम की विभिन्न योजनाओं तथा उद्योग विभाग की डॉ. बी.आर. अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 के अंतर्गत बैंकों में लंबित ऋण आवेदनों का शीघ्र निस्तारण किया जाए, ताकि जरूरतमंद आवेदक स्वयं का रोजगार प्रारंभ कर आत्मनिर्भर बन सकें। नायक गुरुवार शाम सर्किट हाउस में उद्योग विभाग, अनुजा निगम एवं राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास निगम (आरएसएलडीसी) की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।बैठक में अनुजा निगम के सहायक परियोजना प्रबंधक वाजिद खान ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत राष्ट्रीय निगम की विभिन्न योजनाओं के साक्षात्कार जनवरी 2026 में आयोजित किए जा चुके हैं। चयनित 83 आवेदकों के दस्तावेज प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिला उद्योग अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 के तहत जिले में 77 आवेदन वर्तमान में बैंकों में लंबित हैं। इस पर श्री नायक



ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित आवेदनों की ऋण स्वीकृति एवं वितरण प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। उन्होंने आरएसएलडीसी के अधिकारी शिवराज सिंह भाटी को निर्देश दिया कि प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को अनुजा निगम एवं उद्योग विभाग की योजनाओं की समुचित जानकारी दी जाए, जिससे युवा बैंक ऋण लेकर स्वरोजगार स्थापित कर सकें। इससे पूर्व सर्किट हाउस पहुंचने पर विभिन्न सामाजिक संगठनों ने नायक का माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।

# वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री सुषमा बारूपाल के निधन पर शोक, गणमान्य व्यक्तियों ने दी श्रद्धांजलि

**भीम प्रज्ञा न्यूज.बीकानेर।**

**सोहनलाल परिहार ।** वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री स्वर्गीय सुषमा बारूपाल के आकस्मिक निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। उनके निधन की सूचना मिलते ही राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति रथखाना स्थित उनके निवास पर पहुंचे और गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। शोक सभा में रामदेव मेघवाल (कोलासर), जेठाराम बारूपाल (आंम्बासर), डूंगर राम परिहार, जयप्रकाश (गीगासर) सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। संवाददाता सोहनलाल परिहार भी इस अवसर पर मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत नेत्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उपस्थित वक्ताओं ने स्वर्गीय सुषमा बारूपाल के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनका जीवन समाज सेवा और जनहित के कार्यों को समर्पित रहा। वे



मिलनसार, सरल स्वभाव और सेवाभावी व्यक्तित्व की धनी थीं। शोक व्यक्त करते हुए सभी ने कहा, 'ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।' सुषमा बारूपाल के निधन को कांग्रेस पार्टी और समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया गया। शोक सभा में उपस्थित सभी लोगों ने परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# संत बाबा नरैण सिंह मोनी जी की स्मृति में 17वें वार्षिक कबड्डी कप का भव्य आयोजन

### सांसद सुभाष बराला ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** गाँव ढेर में संत बाबा नरैण सिंह मोनी जी की पुण्य स्मृति में 17वें वार्षिक कबड्डी कप प्रतियोगिता का भव्य एवं उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। ग्रामीण परिवेश में आयोजित इस खेल महोत्सव में क्षेत्र सहित आसपास के जिलों से आई कबड्डी टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सांसद सुभाष बराला ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं में खेल के प्रति अद्भुत ऊर्जा, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक भावना देखने को मिल रही है, जो भविष्य के लिए अत्यंत शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि कबड्डी जैसे पारंपरिक खेल हमारी संस्कृति, ग्रामीण जीवनशैली और सामूहिकता की पहचान हैं। यह खेल न केवल शारीरिक मजबूती प्रदान करता है, बल्कि टीम भावना, रणनीति और आत्मविश्वास को भी विकसित करता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को खेलों से



जोड़ना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि खेल उन्हें नशे और अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। सरकार द्वारा खेल ढांचे को मजबूत करने, ग्रामीण स्तर पर खेल सुविधाएं बढ़ाने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेल को केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि अपने करियर और व्यक्तित्व निर्माण का माध्यम बनाएं। सांसद सुभाष बराला ने सफल आयोजन के लिए समस्त आयोजक समिति, ग्राम पंचायत, सहयोगी संस्थाओं और ग्रामवासियों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि संत बाबा नरैण सिंह मोनी जी की स्मृति में आयोजित यह वार्षिक प्रतियोगिता न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर रही है, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और आपसी सद्भाव को भी सुदृढ़ कर रही है।

# टोहाना क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल होली हार्ट स्कूल में आयोजित होगी भव्य एकेडमिक प्रर्दशनी

### टोहाना के डीएसपी उम्मेद सिंह होंगे समारोह में मुख्य अतिथि

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.टोहाना।**

**रजत विजय रंगा ।** एकेडमिक प्रदर्शनी का आयोजन 21 फरवरी को नगर के प्रतिष्ठित होली हार्ट स्कूल में 21 फरवरी को भव्य एकेडमिक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डीएसपी उमेद सिंह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य प्रतिनिधि एवं अभिभावक भी भाग लेकर विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों का अवलोकन करेंगे। प्रदर्शनी में छात्र-छात्राएं विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान, पर्यावरण, तकनीक सहित विभिन्न विषयों पर आधारित आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत करेंगे। इन मॉडलों के माध्यम से बच्चे समाज को सकारात्मक और प्रेरणादायक संदेश देने का प्रयास करेंगे। स्कूल के चेयरमैन श्री बलदेव सैनी एवं प्रिंसिपल श्रीमती पायल मेहता ने बताया कि इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने अभिभावकों एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया।

# लोक अदालत के नाम पर साइबर ठगी का नया जाल, एसपी सिद्धांत जैन की चेतावनी- फर्जी लिंक से रहें सावधान

## एसपी ने कहा – 'आपकी सतर्कता ही आपकी सुरक्षा है', संदेश को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुँचाएं

### पुलिस की अपील – किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें, 1930 पर दें तत्काल सूचना

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**



**रजत विजय रंगा ।** जैसे-जैसे 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली लोक अदालत की तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे साइबर अपराधी भी सक्रिय हो गए हैं। ये ठग लोक अदालत की आड़ में फर्जी लिंक भेजकर लोगों से उनकी संवेदनशील जानकारी चुराने की कोशिश कर रहे हैं। इस खतरे को गंभीरता से लेते हुए फतेहाबाद के पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, आईपीएस ने आमजन से सतर्कता बरतने की अपील की है।एसपी सिद्धांत जैन के अनुसार, साइबर अपराधी ईमेल, एसएमएस और व्हाट्सएप जैसे माध्यमों से ऐसे लिंक भेज रहे हैं जो देखने में सरकारी प्रतीत होते हैं, लेकिन इनका उद्देश्य केवल एक है लोगों से उनकी बैंक डिटेल, पासवर्ड, ओटीपी और अन्य व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करना। उन्होंने कहा, 'इन फर्जी लिंक पर क्लिक करते ही आपकी संवेदनशील जानकारी अपराधियों के पास पहुँच सकती है, जिससे आपका आर्थिक नुकसान हो सकता है।' पुलिस ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कुछ महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए हैं। पहला, किसी भी ईमेल, एसएमएस या व्हाट्सएप लिंक पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी, पासवर्ड, ओटीपी या बैंक विवरण साझा न करें। दूसरा, लोक अदालत से संबंधित जानकारी केवल सरकारी पोर्टल या अधिकृत वेबसाइट से ही प्राप्त करें। तीसरा, यदि कोई संदिग्ध लिंक या मैसेज प्राप्त हो, तो तुरंत निकटतम थाना या राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क करें। और चौथा, किसी भी साइबर धोखाधड़ी के प्रयास की तत्काल रिपोर्ट करें, ताकि अन्य लोग भी सतर्क रह सकें। एसपी जैन ने नागरिकों से विशेष अपील की है कि वे स्वयं तो सतर्क रहें ही, साथ ही इस तरह की जानकारी अपने परिवार, मित्रों और रिश्तेदारों के साथ भी साझा करें, ताकि कोई भी व्यक्ति इन फर्जी लिंक के जाल में न फंसे। उन्होंने कहा, 'साइबर अपराधी लोक अदालत जैसी संवेदनशील प्रक्रिया का सहारा लेकर लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में केवल आपकी सतर्कता ही आपको सुरक्षित रख सकती है।' पुलिस का संदेश स्पष्ट है कोई भी लिंक क्लिक करने से पहले सोचें, उसे अच्छी तरह जांचें और पूरी तरह आश्वस्त होने के बाद ही आगे बढ़ें। आज की डिजिटल दुनिया में एक गलत क्लिक भी आपको साइबर ठगी का शिकार बना सकता है। याद रखें सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

# व्यापारिक सुरक्षा को लेकर एसपी की बड़ी पहल : जिले के प्रमुख व्यापारियों व होटल संचालकों संग सुरक्षा समन्वय बैठक

### CCTV, रिकॉर्ड बैकअप, प्रशिक्षित गार्ड व पोर्टल इंद्राज पर सख्त निर्देश, संदिग्ध गतिविधियों पर त्वरित सूचना देने का आह्वान

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.फतेहाबाद।**




**रजत विजय रंगा ।** पुलिस अधीक्षक फतेहाबाद सिद्धांत जैन, आईपीएस ने जिला पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मेस के मीटिंग हॉल में जिले के प्रमुख व्यापारिक वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण संवाद बैठक आयोजित की। इस बैठक में जिलेभर से आए पेट्रोल पंप मालिकों, आढ़तियों, ज्वैलरी व्यवसायियों, शराब कारोबारियों, बैंक प्रबंधकों सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, व्यापारिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना तथा पुलिस-व्यापारी समन्वय के माध्यम से अपराध नियंत्रण में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा। पुलिस अधीक्षक जैन ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं और अपराध के तौर-तरीकों में भी बदलाव देखा जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक व्यापारी को अपने प्रतिष्ठान की सुरक्षा व्यवस्था को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने सभी व्यापारियों को निर्देश दिए कि वे अपनी दुकानों, संस्थानों एवं कार्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले ष्टष्टञ्जङ्क कैमरे स्थापित करें, समय-समय पर उनकी जांच करवाएं तथा कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखें।

उन्होंने बताया कि ज्वैलरी शॉप्स, बैंक शाखाएं, पेट्रोल पंप, शराब ठेके व आढ़त बाजार जैसे स्थान संवेदनशील श्रेणी में आते हैं, जहां सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अपराधियों को अवसर दे सकती है। ऐसे स्थानों पर प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात करना तथा प्रवेश/निकासी बिंदुओं पर विशेष निगरानी रखना आवश्यक है। बैठक में बैंक प्रतिनिधियों को नकद लेन-देन एवं एटीएम सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। वहीं शराब विक्रेताओं को ठेकों पर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित रखने तथा विशेष रूप से रात्रि समय में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बैठक के दौरान सभी होटल एवं गेस्ट हाउस मालिकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों का इंद्राज अनिवार्य रूप से संबंधित पोर्टल/एप पर करें तथा अपनी आईडी बनाएं। होटल में ठहरने वाले प्रत्येक यात्री का विवरण समय पर पोर्टल पर दर्ज करना सुनिश्चित करें। जिन होटल संचालकों द्वारा पोर्टल पर इंद्राज नहीं किया जाएगा, उसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। बैठक के दौरान व्यापारियों ने पुलिस अधीक्षक को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया तथा सुरक्षा से जुड़े उपयोगी सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर कुलवंत सिंह, सुरक्षा प्रभारी उपनिरीक्षक सत्यनारायण, एसपी प्रवाचक उपनिरीक्षक संदीप कुमार सहित जिलेभर से आए प्रमुख व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# डॉ.कुमावत बने चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष

**भीम प्रज्ञा न्यूज़.झुंझुनूं।**



राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा (रजि.)ने झुंझुनूं जिले का चिकित्सा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष डॉ.राजेंद्र कुमावत चिराना को नियुक्त किया है। डॉ कुमावत की नियुक्ति प्रदेश की कार्यकारिणी द्वारा उनकी कर्तव्य निष्ठा एवं आपके द्वारा की गई समाज सेवा को ध्यान में रखते हुए सर्वसम्मति से इस पद हेतु नियुक्त कर अध्यक्ष पद पर नवाजा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ.आर.सी.कुमावत द्वारा दी गई इस नियुक्ति को अंगीकार करते हुए डॉ कुमावत को मिली जिम्मेदारी को अच्छे से निर्वाहन करेंगे और जिला कार्यकारिणी का विस्तार कर कई प्रकोष्ठ का गठन भी किया जाएगा यह जानकारी नव नियुक्त डॉ कुमावत ने दी है।

# राजस्थान में अब कम होने लगेगी सर्दी: अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे

### आज से तापमान बढ़ेगा, दिन में तेज होगी धूप

**भीम प्रज्ञा न्यूज**

**जयपुर ।** बारिश-ओलावृष्टि से राजस्थान में पारा गिरने से राज्य में सर्दी बढ़ गई। गुरुवार राज्य के अधिकांश शहरों में दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री से नीचे और न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। इससे राज्य में सुबह-शाम मध्यम और दिन में हल्की सर्दी रही। मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अगले एक-दो दिन में तापमान बढ़कर सामान्य से ऊपर जाएगा, जिससे सुबह-शाम की सर्दी से भी कम हो जाएगी और दिन हल्के गर्म होने लगेंगे।पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो राज्य के उत्तर-पूर्वी हिस्से में कुछ स्थानों पर सुबह हल्का कोहरा रहा। जबकि कई जिलों में दोपहर तक हल्के बादल रहे। जयपुर, दौसा, अलवर, भरतपुर, धौलपुर समेत कई जिलों में हल्के बादल छाने से दिन का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। गुरुवार दिन का सबसे अधिक अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस फलोदी और बाड़मेर में दर्ज हुआ। गुरुवार को राज्य में जयपुर, फतेहपुर, सीकर, गंगानगर, चूरू, अलवर समेत कई जिलों में हल्का कोहरा रहा। दिन में इन शहरों में हल्के बादल रहे, जिससे यहां धूप कमजोर रही। अधिकांश शहरों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। कल सबसे कम न्यूनतम तापमान 10.4 अलवर और फतेहपुर में दर्ज हुआ।

### अगले एक सप्ताह मौसम रहेगा साफ, दिन में गर्मी बढ़ेगी

मौसम विशेषज्ञों ने बताया- राज्य में अब अगले एक सप्ताह मौसम शुष्क रहेगा और दिन में तेज धूप रहने की संभावना है। अगले सप्ताह से तापमान में बढ़ोतरी होगी, जिससे पश्चिमी राजस्थान के जिलों में अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर दर्ज हो सकता है।

# मुस्लिम आरक्षण रद्द करने पर भड़की कांग्रेस ने कहा- बदले की राजनीति के सिवाए कुछ नहीं



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र की महायुति सरकार द्वारा मुस्लिम समुदाय को शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी नौकरियों में आरक्षण देने के 2014 के पुराने आदेश को औपचारिक रूप से रद्द करने के फैसले ने राज्य की राजनीति में नया उबाल ला दिया है। जहाँ सत्ता पक्ष इसे केवल एक कानूनी और प्रक्रियात्मक औपचारिकता बता रहा है, वहीं विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने इसे अल्पसंख्यकों के खिलाफ बदले की भावना से की गई कार्रवाई करार दिया है।

यह विवाद 2014 के विधानसभा चुनावों से ठीक पहले शुरू हुआ था, जब तत्कालीन कांग्रेस-एनसीपी गठबंधन सरकार ने एक अध्यादेश के जरिए मराठा समुदाय को 16 प्रतिशत और मुस्लिम समुदाय को विशेष पिछड़ा वर्ग श्रेणी के तहत 5 प्रतिशत आरक्षण दिया था। इस नीति को बॉम्बे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसने मराठा आरक्षण को तो खारिज कर दिया था, लेकिन शैक्षणिक संस्थानों में मुस्लिम आरक्षण को आंशिक रूप से बरकरार रखा था। हालांकि, बाद में आई भाजपा-शिवसेना सरकार ने इस अध्यादेश को कानून का रूप नहीं दिया, जिससे यह समय सीमा समाप्त होने के बाद निष्प्रभावी हो गया था। अब वर्तमान सरकार ने उसी पुराने आदेश (जीआर) को आधिकारिक रूप से रद्द करने का प्रस्ताव जारी किया है।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों से शपथ के समय सभी के प्रति निष्पक्ष रहने और संविधान का पालन करने की अपेक्षा की जाती है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकारें ऐसा नहीं कर रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उच्च न्यायालय ने कोटे के पक्ष में फैसला सुनाया था, तब भी इसे रद्द करना सरकार की भेदभावपूर्ण मानसिकता को दर्शाता है। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष का तर्क है कि भारतीय संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की अनुमति नहीं देता और 2014 का वह आदेश तकनीकी रूप से पहले ही खत्म हो चुका था। इस पूरे घटनाक्रम में उद्धव बालासाहेब ठाकरे (यूबीटी) शिवसेना का रुख चर्चा का विषय बना हुआ है। हाल के महीनों में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रति नरम रुख दिखाने वाली पार्टी ने इस मुद्दे पर फिलहाल चुप्पी साध रखी है। पार्टी सांसद संजय राउत ने केवल इतना कहा कि इस विषय पर बाहर चर्चा करने के बजाय आगामी विधानसभा सत्र में अपनी बात रखी जाएगी। वहीं, शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने भी सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध किया है। विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही आरक्षण का यह मुद्दा राज्य में ध्रुवीकरण और तीखी राजनीतिक बहस का केंद्र बन गया है।

# असम में तीसरी बार सत्ता में वापसी को जुटा भगवा दल... कांग्रेस की राह नहीं दिख रही आसान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** असम में इसी साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भाजपा के लिए यहां सत्ता बचाने की चुनौती है। भगवा गुट यदि असम में सरकार बनाने में सफल होता है, तब असम में यह भगवा गुट की हैट्रिक होगी। भाजपा ने इसके लिए पूरी ताकत झोंक दी है। बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन ने हाल ही में पार्टी कार्यकर्ताओं को असम विधानसभा में 50 प्रतिशत वोट लाने का लक्ष्य दे दिया है। बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में में बीजेपी का वोट शेयर 33.2 प्रतिशत था। वहीं, सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही कांग्रेस को तब जबरदस्त झटका लगा जब पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने पार्टी छोड़ दी।

भाजपा अध्यक्ष नवीन के द्वारा दिए गए टारगेट को अगर बीजेपी हासिल कर लेती है, तब असम में सभी दलों का सूपड़ा साफ कर देगी। विपक्ष सिर्फ 20-28 सीटों पर सिमट कर रह जाएगा। बता दें कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की लोकप्रियता अभी भी कायम है। वहीं सत्ता में वापस आने के लिए व्याकुल दिख रही कांग्रेस की असम विधानसभा की राह आसान नहीं है। वरिष्ठ नेता भूपेन बोरा के इस्तीफे से जहां पार्टी आंतरिक चुनौती से जूझ रही है, वहीं महाजोत में भी सब कुछ ठीक नहीं है। सीट बंटवारे में ज्यादा से ज्यादा सीट हासिल करने को लेकर महाजोत के कई घटकदल दबाव बनाए हुए हैं। असम में अप्रैल में चुनाव हो सकते हैं।

तमाम कोशिशों के बावजूद कांग्रेस असम में पार्टी को एकजुट रखने में विफल रही। तमाम कोशिशों के बाद भी बोरा ने आखिरकार पार्टी छोड़ दी। पार्टी को डर है कि भूपेन बोरा के साथ उनके भरोसेमंद कई विधायक और नेता भाजपा में शामिल हो सकते हैं। इससे मतदाताओं में पार्टी की छवि कमजोर होगी। इसके साथ महाजोत में सीट बंटवारा भी कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। क्योंकि, 2021 के महाजोत में कई बदलाव हुए हैं। एआईयूडीएफ और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) दोनों महाजोत से अलग हो चुके हैं। बीपीएफ अब एनडीए का हिस्सा है, वहीं मौलाना बदरुद्दीन अजमल की अगुआई में एआईयूडीएफ अपने दम पर चुनाव लड़ेगा।

वहीं, असम जातीय परिषद और अखिल गोगोई का रायजोर दल अब महाजोत में शामिल हैं। कांग्रेस ने एजेपी और रायजोर दल दोनों को महाजोत में 11-11 सीट देने की पेशकश की है, पर दोनों दल इससे ज्यादा सीट की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस इन्हें अधिक सीट देती है, तब चुनाव में कांग्रेस को कम सीट पर लड़ना होगा। असम में दूसरे दलों के साथ गठबंधन किए बगैर भाजपा की अगुआई वाले एनडीए को शिकस्त देना कांग्रेस के लिए आसान नहीं है।

# अरुणाचल के करीब परमाणु हथियारों का जाल बिछा रहा चीन, भारत के लिए खतरे की घंटी

### -चीन का यह परमाणु विस्तार दक्षिण एशिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीन के राष्ट्रपति जिनपिंग की सेना न्यूक्लियर हथियारों के दम पर डराने के पैंतरे आजमा रही है। दुनिया की नजरों से छुपकर चीन के अंदर एक बहुत बड़ी साजिश चल रही थी, जिसका कच्चा चिट्ठा अब सैटेलाइट तस्वीरों ने खोल दिया है। इन तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि चीन भारत के अरुणाचल प्रदेश के बिल्कुल करीब परमाणु हथियारों का जाल बिछा रहा है। चीन की यह गुस्ताखी न सिर्फ भारत के लिए बल्कि पूरे एशिया की शांति के लिए खतरा बन सकती है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अरुणाचल प्रदेश की सीमा से महज 800 किलोमीटर दूर चीन के सिचुआन प्रांत में परमाणु ताकत का विस्तार चल रहा है, जिसका पर्दाफाश सैटेलाइट तस्वीरों ने किया है। इन फोटोज में चीन का वह गुप्त साम्राज्य दिख रहा है जहां न केवल नए परमाणु हथियार बन रहे हैं बल्कि उन्हें और भी घातक बनाने के लिए परीक्षण किया जा रहा है, जहां रूस और अमेरिका के बीच परमाणु संधि खत्म हो चुकी है, दूसरी तरफ चीन का यह बेलगाम परमाणु विस्तार दक्षिण एशिया की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बन गया है। सिचुआन की पहाड़ियों में छिपे ये ठिकाने सीधे तौर पर भारत के पूर्वी इलाकों के लिए रेड अलर्ट हैं।

सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि सिचुआन की घाटियों में दो प्रमुख जगहों पर काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। जितोंग घाटी में नए बंकर और मजबूत पाइपलाइन नेटवर्क देखे गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि इस जगह का उपयोग हाई एक्सप्लोसिव टेस्टिंग के लिए किया जा रहा है, जो परमाणु वारहेड को ट्रिगर करने के लिए जरूरी है। पिंगटोंग घाटी में प्लूटोनियम पिट्स का निर्माण किया जा रहा है, जो परमाणु बम का कोर होते हैं, यहां की सुरक्षा इतनी सख्त है कि यह किसी किले जैसी दिखती है।

बता दें सिचुआन, अरुणाचल प्रदेश से भौगोलिक रूप से सिर्फ 800 किमी दूर है। चीन ने पहले ही अरुणाचल को अपना 'कोर इंटरेस्ट' घोषित कर दिया है। परमाणु शक्ति का विस्तार चीन को सीमा पर एडवांटेज देगा। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन अपने परमाणु जखीरे को इसलिए बढ़ा रहा है ताकि वह अमेरिका और भारत जैसे देशों को अपने परमाणु हथियारों की पोजीशन दिखाकर डराने की स्थिति में ला सके। 2026 की शुरुआत तक चीन के पास 600 से ज्यादा परमाणु वारहेड हो चुके हैं और 2030 तक यह संख्या 1,000 के पार जाने का अनुमान है। ये भारत के लिए खतरे की घंटी है।



# जल बोर्ड के गड्ढे में गिरने से युवक की मौत मामले में ठेकेदारों को नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में जल बोर्ड के गड्ढे में गिरने से युवक की मौत के मामले में सेशन कोर्ट ने गिरफ्तार 2 ठेकेदार और एक सहायक ठेकेदार को जमानत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि हिरासत में लेकर पूछताछ जरूरी है और अपराध की गंभीरता को नजरअंदाज़ नहीं किया जा सकता है। एडिशनल सेशन जज हरलीन कौर ठेकेदार हिमांशु गुप्ता और कविश गुप्ता की याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थीं। इनके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने अरेस्ट वारंट जारी किए थे और कहा कि जांच अभी शुरुआती स्टेज में है। कोर्ट ने कहा कि इस बात की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता कि आरोपी गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं या सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 5 फरवरी की देर रात कमल भयानी (25) की दिल्ली में जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गड्ढे में गिरने से मौत हो गई थी। 6 फरवरी की सुबह 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद हादसे का पता चला। जांच एजेंसी को उनसे कस्टडी में पूछताछ करनी है। जांच अभी शुरुआती स्टेज में है, और जांच एजेंसी केस से जुड़ी जरूरी चीजें इकट्ठा करने में जुटी हैं। कहा जाता है कि एप्लीकेंट जांच एजेंसी की पूछताछ के दौरान सहयोग नहीं कर रहा था और टालमटोल कर रहा था। अपराध की गंभीरता और उसके सामाजिक असर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इस एप्लीकेशन को मंजूरी देने का कोई आधार नहीं बनता। आवेदक की मौजूदा एंटीसिपेटरी बेल एप्लीकेशन खारिज की जाती है।

# पंजाब में सिविल और मिनी सचिवालय सहित पुलिस मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब में सिविल सचिवालय और मिनी सचिवालय के साथ पुलिस मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद गुरुवार को पूरे परिसर में हाई अलर्ट घोषित किया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने एहतियातन मुख्य द्वारों को बंद कर लोगों के प्रवेश और निकास पर रोक लगा दी। धमकी की सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता और खुफिया एजेंसियां सक्रिय हो गईं। परिसर के भीतर और बाहर सुरक्षा घेरा बढ़ाया गया है। आने-जाने वाले हर व्यक्ति की सख्ती से जांच की जा रही है। संदिग्ध वस्तुओं की तलाशी के लिए विशेष अभियान चलाया गया। सूत्रों के अनुसार धमकी किसी संदेश या ईमेल के माध्यम से मिली है। हालांकि अधिकारियों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए कोई भी जोखिम नहीं लिया जा सकता।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नहर में गिरी, चार दोस्तों की मौत, इलाके में पसरा मातम

मथुरा (एजेंसी)। यूपी के मथुरा जिले के नगला दैवीया के पास एक तेज रफ्तार कार नहर में गिर गई। इस हादसे में कार सवार चार युवकों की मौके मौत हो गई। मृतकों में तीन युवक एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक हादसा बुधवार शाम को हुआ। मारुति कार में सवार चार दोस्त किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए महावन जा रहे थे। नगला दैवीया के पास कार की रफ्तार तेज होने के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी सीधे नहर में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही मगोर्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से कार को नहर से बाहर निकाला। कार के अंदर फंसे युवकों को जब तक बाहर निकाला गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थीं। जानकारी के मुताबिक हादसे का शिकार हुए युवकों में से तीन की पहचान हो गई है, जबकि एक की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है। मृतकों में राहुल वर्मा (23) निवासी महावन, पेशे से दर्जी। अमित (23) निवासी प्रेमनगर कलां, छात्र और मोहित (22) निवासी महावन, ला का छात्र था। बताया जा रहा है कि जिस कार से हादसा हुआ, वह राहुल वर्मा के भाई सज्जन सिंह की थी। एसपी देहात ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और हादसे के कारणों की बारीकी से जांच की जा रही है। एक साथ चार युवकों की मौत से महावन और बलदेवगढ़ में सन्नाटा पसरा है।

# 10 साल से पुरानी डीजल और 15 साल से अधिक पुरानी पेट्रोल गाड़ियां... दिल्ली सरकार करेगी जब्त

### -दिल्ली परिवहन विभाग ने जारी की सार्वजनिक सूचना



नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली परिवहन विभाग ने राजधानी में तय उम्र पार कर चुकी गाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी पूरी कर ली है। दिल्ली सरकार की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार अब 10 साल से अधिक पुरानी डीजल और 15 साल से अधिक पुरानी पेट्रोल गाड़ियां, जिन्हें 'एंड ऑफ लाइफ व्हीकल' माना गया है, बिना किसी पूर्व नोटिस के जब्त हो सकती हैं। यह कार्रवाई केवल सड़कों पर चल रही गाड़ियों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पार्किंग, खुले मैदान या किसी भी सार्वजनिक स्थान पर खड़े वाहनों पर लागू होगी। दिल्ली परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित आयु सीमा पूरी कर चुकी गाड़ियों को दिल्ली में रखने की अनुमति नहीं है। यदि ऐसी गाड़ियां राजधानी में दिखाई देती हैं, तब उन्हें कानून के तहत जब्त कर सीधे स्क्रैप (कबाड़) के लिए भेजा जा सकता है। यह कदम वायु प्रदूषण पर नियंत्रण और पर्यावरण मानकों के सख्त पालन के उद्देश्य से उठाया जा रहा है। वाहन मालिकों को सलाह दी गई है कि वे अपनी पुरानी गाड़ियों के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त कर उन्हें दिल्ली से बाहर किसी अन्य राज्य में ट्रांसफर करा लें। इससे वे जब्ती और अन्य कानूनी कार्रवाई से बच सकते हैं। विभाग का कहना है कि आने वाले समय में एक विशेष अभियान चलाया जाएगा, जिसमें बीएस-3 और उससे नीचे के उत्सर्जन मानकों वाले वाहनों की पहचान कर उन्हें हटाया जाएगा। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे नियमों की जानकारी समय रहते प्राप्त करें और आवश्यक कदम उठाएं, ताकि अचानक होने वाली कार्रवाई से किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# टी20 विश्वकप: जिम्बाब्वे की दूसरी बड़ी जीत, ऑस्ट्रेलिया के बाद अब श्रीलंका को हराया

**कोलंबो (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे ने ब्रायन बेनेट के नाबाद अर्धशतक की बदौलत आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप मुकाबले में श्रीलंका को 6 विकेट हराकर दूसरी बड़ी जीत दर्ज की है। इससे पहले जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की थी। जिम्बाब्वे के स्पिनरों के खिलाफ धीमी पिच पर बीच के ओवरों में श्रीलंका के बल्लेबाजों को परेशानी आई लेकिन टी20 विश्व कप के ग्रुप बी के मुकाबले में बृहस्पतिवार को मेजबान टीम ने 7 विकेट पर 178 रन बनाए। इसके जवाब में जिम्बाब्वे ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए सिकंदर रजा के नेतृत्व में जीत हासिल की।

पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका की शुरूआत अच्छी रही। सलामी बल्लेबाज कुसल परेरा (22) और पाथुम निसांका (62) ने 4.5 ओवर में 54 रन बनाए। बाएं हाथ के बल्लेबाज परेरा सहज नहीं दिखे लेकिन तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को उन्होंने दो चौके लगाए। वह हालांकि मुजरबानी के बाउंसर पर पूल शॉट खेलने के प्रयास में शॉर्ट फाइन लेग पर ग्रीम क्रेमर को कैच दे बैठे। श्रीलंका के बल्लेबाजों ने पावरप्ले में एक विकेट पर 61 रन बना लिए थे लेकिन इसके बाद रनगति धीमी पड़ गई।

जिम्बाब्वे के स्पिनरों सिकंदर रजा, क्रेमर, रियान बर्ल और वेलिंगटन मसाकाजा ने मेजबान बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। अगले चार ओवरों में सिर्फ 21 रन बने। इस बीच कुसल मेंडिस का विकेट भी गिरा जो 20 गेंदों में 14 रन ही बना सके। वहीं पिछले मैच में आस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक बनाने वाले निसांका ने 34 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। वह क्रेमर की गेंद पर रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में टोनी मुनिनोगा को कैच दे बैठे। पवन रत्नायके ने 25 गेंद में 44 रन बनाये और ब्राड इवांस को 19वें ओवर में दो चौके और एक छक्का जड़कर श्रीलंका को 150 रन के पार पहुंचाया। आखिरी दो ओवरों में 30 रन बने।



# टी20 विश्वकप: जिम्बाब्वे से हार के बाद श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका का पहला बयान आया सामने



**कोलंबो (एजेंसी)।** टी20 विश्व कप मुकाबले में जिम्बाब्वे के खिलाफ हार के बाद श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका ने कहा कि हमने जो स्कोर बनाया वह डिफेंड करने के लिए काफी अच्छा था। ब्रायन बेनेट के अर्धशतक और कप्तान सिकंदर रजा की 45 रन की पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने श्रीलंका को 6 विकेट से हराकर अपराजेय रहते हुए ग्रुप की शीर्ष टीम के रूप में टी20 विश्व कप के सुपर आठ में प्रवेश किया। कठिन पिच पर जीत के लिए 179 रन के लक्ष्य के जवाब में जिम्बाब्वे ने 19.3 ओवर में चार विकेट पर 182 रन बनाए। बेनेट 48 गेंद में 63 और रजा 26 गेंद में 45 रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों टीमें ग्रुप बी से सुपर आठ में पहुंच चुकी है और लीग चरण में आस्ट्रेलिया को हराने वाली जिम्बाब्वे के प्रदर्शन ने सभी को चौंका दिया है।

श्रीलंका के कप्तान दसुन शनाका ने कहा, 'हमारी शुरुआत काफी अच्छी रही और सच कहूं तो, मुझे लगता है कि हमने जो स्कोर बनाया वह डिफेंड करने के लिए काफी अच्छा था। (मैच में) कुछ जगहें ऐसी थीं जहां हम थोड़ा और बेहतर कर सकते थे, लेकिन कुल मिलाकर मैं आज का स्कोर यही मानूंगा। मैं पथुम (निसांका) और पवन (रत्नायक) के खेलने के तरीके से बहुत खुश हूं। मुझे लगता है कि इस पिच पर (बैटिंग के हिसाब से) यह एक अच्छा टोटल था। प्लान हमेशा की तरह सिंपल था (बॉल से)। शुरुआत में विकेट लेना। बदकिस्मती से हम बॉल से वैसी शुरुआत नहीं कर पाए। नए खिलाड़ियों के आने से थोड़ी मुश्किल होती है, उन्हें भी सेट होने के लिए कुछ समय चाहिए। लेकिन कोई बहाना नहीं। हम थोड़ा और बेहतर कर सकते थे।'

उन्होंने आगे कहा, 'मेरे कुछ फैसले थोड़े गैंबल जैसे भी थे। यह उन दिनों में से एक था जहां हम बॉल से बेहतर कर सकते थे, लेकिन फिर से, कोई बहाना नहीं। क्वालिफिकेशन हमेशा अच्छा होता है, लेकिन हम जो भी मैच खेलते हैं, हम देश के लिए अच्छा करना चाहते हैं। हां, हमने आज चमीरा को आराम दिया, लेकिन जैसा मैंने कहा, कोई बहाना नहीं। हमने तीनों डिपार्टमेंट में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया, लेकिन मुझे अब भी लगता है कि हम और बेहतर कर सकते थे। मुझे लगता है कि हमें मैदान पर और ज्यादा कॉन्फिडेंट होने की जरूरत है। आज हममें इसी की कमी थी। उम्मीद है कि अगली बार जब हम मैदान पर उतरेंगे तो बेहतर एटीट्यूड के साथ वापस आएंगे।'

# टी20 विश्व कप : होप और जोसेफ के अच्छे प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने इटली को 42 रनों से हराया



**कोलकाता (एजेंसी)।** कप्तान शाई होप और तेज गेंदबाज शामार जोसेफ के अच्छे प्रदर्शन से वेस्टइंडीज ने गुरुवार को यहां टी20 विश्व कप क्रिकेट के अपने अंतिम लीग मुकाबले में इटली को 42 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम ग्रुप सी में नंबर एक पर बनी हुई है। वेस्टइंडीज ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए होप के 46 75 रनों की सहायता से 20 ओवरों में छह विकेट पर 165 रन बनाये। आज के खेल का आकर्षण होप की पारी रही। होप ने तेजी से खेलते हुए 28 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया पर अन्य बल्लेबाजों का उन्हें साथ नहीं मिला, इस कारण टीम बड़ा स्कोर नहीं बना पायी। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की टीम 18 ओवर में 123 रन ही बना पायी। वेस्टइंडीज की ओर से शामार जोसेफ ने 30 रन देकर चार विकेट लिए। इसके इसके अलावा चार कैच भी पकड़े। वहीं इस मैच के साथ ही इटली का अभियान इस टूर्नामेंट में समाप्त हो गया है। इस मैच में बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों के लिए रन बनाना आसन नहीं था। रोस्टन चेज 25 गेंद पर 24, शेरफेन रदरफोर्ड 15 गेंद पर नाबाद 24 रन और मैथ्यू फोर्डे आठ गेंद पर नाबाद 16 रन ही बना पाये। इटली के गेंदबाजों ने इंडीज बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का अवसर नहीं दिया। बेन मनेंटी और और कृशान कालुगामगे ने दो-दो विकेट लेकर बल्लेबाजों पर अंकुश लगाये रखा। केव ग्रांट स्टीवर्ट के ही एक ओवर में 19 रन बने। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और वह पावर प्ले में तीन विकेट पर 37 रन ही बना पायी। एंथनी मोस्का ने 19 रन बनाये। वहीं उनके भाई जस्टिन मोस्का 02 रन ही बना पाये। सैयद नकवी भी 6 रन ही बना पाये। जेजे स्मट्स ने 27 गेंद में 24 रन जबकि कप्तान हैरी मैनेंटी ने 8 रन बनाये। इटली की आधी टीम 78 रनों पर ही आउट हो गयी। इसके बाद बेन मैनेंटी ने इटली को 100 रनों तक पहुंचाया। वहीं ग्रांट स्टीवर्ट 12 रन बनाकर पेवेलियन लौट गये।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे टी20 में भारतीय टीम को हराया

## 1-1 से सीरीज बराबरी पर पहुंची

**कैनबरा (एजेंसी)।** मेजबान ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये दूसरे टी20 मैच में भारतीय टीम को 19 रनों से हराकर तीन मैच की सीरीज में 1-1 से वापसी की है। ऑस्ट्रेलिय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जॉर्जिया वोल के अर्धशतक 88 रनों और बेथ मूनी के 46 रनों की सहायता से 5 विकेट पर 163 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ विकेट पर 144 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय बल्लेबाजी ढ़ह गयी। कप्तान हरमनप्रीत कौर 36, स्मृति मंधाना 31 और शेफाली वर्मा 29 के अलावा अन्य बल्लेबाज असफल रहीं।



ऑस्ट्रेलिया की ओर से एश्ले गार्डनर ने 22 रन देकर तीन विकेट जबकि किम गार्थ, अनाबेल सदरलैंड और ऑस्ट्रेलिया की कप्तान सोफी मोलिनू ने दो-दो विकेट लिए। । भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी रही थी और उसने नौवें ओवर में एक विकेट पर 65 रन बना लिए थे पर इसके बाद टीम ने अंत में सात रन के अंदर ही छह विकेट खो दिये। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने पावरप्ले में ही 54 रन बना लिए थे पर इसके बाद शेफाली के आउट होने से बल्लेबाजी ढ़हनी शुरु हो गयी। जेमिमा रोड्रिग्स भी 4 रन ही बना पायी। मंधाना के रूप में तीसरा विकेट गिरा। भारतीय टीम ने तीन विकेट पर 71 रन बना लिए थे। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत और ऋचा घोष 19 ने चौथे विकेट के लिए 55 रन बनाये। बाद में तेजी से रन बनाने के प्रयास में विकेट एक के बाद एक गिरते गये। हरमनप्रीत को 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर गार्थ ने पेवेलियन भेजा। इसके बाद ऋचा भी गार्डनर की गेंद पर स्टंप आउट हो गईं। 18वें ओवर में गार्डनर ने दीप्ति शर्मा को सदरलैंड के हाथों कैच कराया। इसके बाद भारतीय पारी सिमट गयी।

# हरमनप्रीत सबसे अधिक अंतराष्ट्रीय मैच खेलने वाली महिला क्रिकेटर बनीं, न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स का रिकार्ड टूटा

कैनबरा। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यहां दूसरे टी20 क्रिकेट मैच के लिए मैदान में उतरते ही एक रिकार्ड बना दिया है। अब हरमनप्रीत महिला क्रिकेट इतिहास में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। हरमनप्रीत ने यहां मैदान पर उतरने के साथ ही अपना 356 वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेला और वह न्यूजीलैंड की दिग्गज खिलाड़ी सूजी बेट्स से आगे निकल गयी हैं।। बेट्स ने 355 मैच खेले हैं। वहीं सबसे अधिक मैच खेलने के मामले में तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की एलिसे पेरी हैं। पेरी के नाम पर 349 मैच हैं। वहीं भारतीय टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज ने 333 मैच खेले हैं, जबकि शार्लोट एडवर्ड्स ने इंग्लैंड के लिए 309 मैच खेले हैं। महिला क्रिकेट में सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ियों में न्यूजीलैंड सोफी डिवाइन के नाम 305, इंग्लैंड की हीथर नाइट के नाम 303 और डैनी व्याट-हॉज के नाम 302 मैच हैं। हरमनप्रीत ने अपने क्रिकेट करियर में अब तक छह टेस्ट, 161 एकदिवसीय और 189 टी20 मैच खेले हैं। छह टेस्ट मैचों में उनके नाम 200 रन जबकि एकदिवसीय में 4,409 और टी20 मैचों में 3,784 रन हैं। हरमनप्रीत ने सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनने पर खुशी जताते हुए कहा कि उनका लक्ष्य के लिए आगे भी अच्छा प्रदर्शन करना रहेगा।



# बांग्लादेश के नये खेलमंत्री अमीनुल बोले, भारत और बीसीसीआई से बेहतर संबंध चाहते हैं

ढाका। बांग्लादेश सरकार के नये खेल मंत्री अमीनुल हक ने कहा है कि वह भारत के साथ ही भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से भी बेहतर बनाना चाहता है। खेल मंत्री की शपथ लेने के बाद हक ने कहा कि वह बीसीसीआई से संबंधों को फिर से पहले की तरह बनाना चाहते हैं। साथ ही कहा कि हाल में कुछ मामलों को लेकर दोनो ही देशों के बीच दूरियां बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, शपथ लेने के बाद मैंने भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर से मुकाकात कर उनसे टी20 विश्व कप में भाग नहीं लेने के बाद के हालातों पर भी बात की जो सकारात्मक रही। मैंने उनसे कहा कि हम इस मामले को बातचीत से हल करना चाहते हैं। हम सभी पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। हक ने कहा, खेल के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी हम भारत के साथ अच्छे संबंध चाहते हैं। कुछ बाधाओं के कारण, हम टी20 विश्व कप नहीं खेल सके। बातचीत के दौरान इस प्रकार के मामलों को हाल किया जाता तो आज हमारी टीम भी विश्वकप में खेल रही होती। गौरतलब है कि बांग्लादेश की पिछली सरकार ने सुरक्षा कारणों से भारत में टीम भेजने से इंकार करते हुए कहा था कि उनके मैच श्रीलंका में रखे जाएं पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बोर्ड (आईसीसी) ने ये प्रस्ताव ढुकरा दिया था। जिसके बाद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने अपनी सरकार से बात करने के बाद खेल से बाहर होने का फैसला किया था।

# सुपर-8 मुकाबलों के लिए करने होंगे सुधार : सूर्यकुमार



अहमदाबाद। भारतीय क्रिकेट टीम को नीदरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप क्रिकेट के अपने अंतिम मुकाबले में 17 रनों से जीत मिली पर कप्तान सूर्यकुमार यादव इससे संतुष्ट नहीं हैं। सूर्यकुमार का कहना है कि सुपर-8 से पहले सब कुछ सही है ये नहीं कहा जा सकता। टीम को अभी कुछ सुधार भी करने हैं। इस मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 193 रन बनाए। वहीं इसके बाद एसोसिएट डच टीम ने भी सात विकेट पर 176 रन बनाये। इसी को देखते हुए कप्तान ने कहा कि जीत में भी सीख मिलती है, हमें और कसी गेंदबाजी करनी चाहिये थी। उन्होंने कहा कि पूरी तरह गेंदबाजों को भी दोष नहीं दिया जा सकता है क्योंकि ओसा काफी अधिक थी। जिससे भी गेंदबाजों को परेशानी हुई। उन्होंने सुपर आठ को लेकर कहा, 'शुरुआत थोड़ी धीमी हो सकती है पर सभी बल्लेबाजों के लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि उनकी जिम्मेदारी क्या है और बीच के ओवरों में विकेट कैसा बर्ताव कर सकता है। इसके बाद हमारे पास ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल या वाशिंगटन सुंदर जैसे खिलाड़ी हैं, जो मैच को अच्छी तरह समाप्त कर सकते हैं।' सुपर-8 को लेकर पूछे एक सवाल पर उन्होंने कहा, 'ऐसा नहीं कह सकते कि सब कुछ पूरी तरह से सही था। जीत में भी कई प्रकार की सीख मिलती है और हमने कुछ चीजें सीखी हैं। अब हम आगे के मैचों को लेकर विचार-विमर्श करेंगे।'

# 'शिवम दुबे को बॉलिंग करना बहुत मुश्किल है', दिग्गज खिलाड़ी ने की भारतीय ऑलराउंडर की तारीफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** शिवम दुबे के बल्ले और गेंद दोनों से ऑल-राउंड प्रदर्शन की बदौलत भारत ने अहमदाबाद में नीदरलैंड्स को 17 रन से हराकर आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के ग्रुप ए में टॉप कर रहे। स्टार स्पोर्ट्स के 'क्रिकेट लाइव' प्रोग्राम में बोलते हुए जियोस्टार एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने दुबे के बेहतर शॉट सिलेक्शन, वरुण चक्रवर्ती के अहम स्पेल की तारीफ की और टूर्नामेंट में अभिषेक शर्मा के खराब फॉर्म पर अपने विचार शेयर किए।

गावस्कर ने उस एक शॉट की ओर इशारा किया जो शिवम दुबे के खेल को दूसरे लेवल पर ले जा सकता है। उन्होंने कहा, 'शिवम दुबे को बॉलिंग करना बहुत मुश्किल है क्योंकि उनके पास कई तरह के शॉट हैं। आप ऑफ स्टंप के बाहर बॉलिंग कर सकते हैं, लेकिन उनमें लॉन्ग ऑन के ऊपर से हिट करने की पावर भी है। वह सिर्फ मिड-विकेट और स्क्वायर-लेग के ऊपर से हिट करने की कोशिश नहीं करते। वह लॉन्ग ऑफ को भी क्लियर कर सकते हैं। अगर वह एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से इनसाइड-आउट शॉट डेवलप करने पर कड़ी मेहनत करते हैं, तो वह सच में एक खतरनाक बैट्समैन बन जाएंगे।'

उन्होंने कहा, 'फिर वह बॉल को ग्राउंड के किसी भी हिस्से में हिट कर सकते हैं। जिस तरह से शिवम दुबे हर इनिंग के साथ मैच्योर हो रहे हैं, वह इंडिया के लिए बहुत अच्छी खबर है।' मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती के शानदार रन पर उन्होंने कहा, 'वरुण चक्रवर्ती के चार ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट लेना कमाल का है। जब आप विकेट लेते हैं, तो आप विरोधी टीम के रन भी छीन लेते हैं। साफ है, वरुण आपके की बॉलर होंगे। इंडिया काफी हद तक वरुण के 4 ओवर पर डिपेंड करेगा। सुपर 8 स्टेज में विरोधी टीम उनका मुकाबला कैसे करती है, यह देखना बहुत इंटरेस्टिंग होगा।'

सबसे छोटे फॉर्मेट के नंबर 1 बैटर अभिषेक शर्मा अभी तक टूर्नामेंट में अपना खाता नहीं खोल पाए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट की तीन इनिंग्स में एक भी रन नहीं बनाया है। अभिषेक शर्मा के स्ट्रगल पर गावस्कर ने कहा, 'अभिषेक शर्मा एक अच्छा लड़का है, लेकिन उम्मीदें उस पर भारी पड़ रही हैं। अगर उसने USA के खिलाफ अच्छी शुरुआत की होती, तो बात अलग होती। अब बड़े छक्के मारने वाला और टॉप बैटर होने का प्रेशर दिख रहा है। अपनी शॉट रेंज के साथ उसे बीच में समय बिताने की जरूरत है। वह अपनी इनिंग्स की पहली बॉल पर बाउंड्री या सिक्स मारने की कोशिश नहीं कर सकता।'

उन्होंने कहा, 'अगर बड़े शॉट लगते हैं, तो ठीक है। लेकिन उसे खुद को लाइन के पार बड़े शॉट खेलने के लिए मजबूर नहीं करना चाहिए। एक सिंगल लो और रन बना लो। चार



डॉट बॉल भी मायने नहीं रखतीं। वह बाद में उनकी भरपाई कर सकता है। उसे शुरुआत में स्मार्ट खेलने की जरूरत है। एक या दो ओवर जमने में बिताओ, फिर अपना नैचुरल गेम खेलो। पहले, बस रन बनाओ। हर बैटर पहला रन चाहता है। एक बार जब वह इसे बना लेगा, तो सब कुछ ठीक हो जाएगा।'

## टी20 विश्वकप से शुरुआत में बाहर होने से ऑस्ट्रेलिया की ओलंपिक दावेदारी को भी झटका

मुम्बई। आईसीसी टी20 विश्वकप से बाहर होने से ऑस्ट्रेलियाई टीम की लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक की दावेदारी भी कमजोर पड़ी है। ओलंपिक में पुरुषों की टी20 प्रतियोगिता में केवल छह टीमों को ही अवसर मिलेगा। इसमें अंतिम चयन कॉन्टिनेंटल क्वालिफिकेशन सिस्टम व आईसीसी रैंकिंग के आधार पर होगा। विश्व कप से बाहर होने से वह रैंकिंग में न्यूज़ीलैंड से पिछड़ रही है। ऐसे में उसकी जगह कीवी टीम को मिल सकती है। ऐसे ऑस्ट्रेलिया के ग्रुप स्तर से ही बाहर होने से न्यूजीलैंड नेशनल क्रिकेट टीम की राह आसान हो गयी है। ऐसे में अब अगर कीवी टीम सेमीफाइनल या उससे आगे तक पहुंचती है, तो रैंकिंग में वह ऑस्ट्रेलिया से ऊपर पहुंच जाएगी। इससे उससे ओलंपिक के लिए प्रवेश मिल सकता है। कीवी टीम का आईसीसी इवेंट्स में रिकॉर्ड अच्छा रहा है, वे कई बार नॉकआउट चरण तक पहुंचे हैं जिससे उनकी दावेदारी और मजबूत होती है। ऐसे में यदि रैंकिंग में न्यूज़ीलैंड आगे निकल जाता है, तो कंगारुओं को को अंतिम ओलंपिक स्लॉट के लिए दूसरी रैंक वाली टीमों के साथ अलग क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट खेलना पड़ सकता है जो उसकी प्रतिष्ठा के लिए झटका होगा। इसके अलावा इस क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट में अगर वह शीर्ष पर रहती है तो भी उसे ओलंपिक में प्रवेश मिलेगा इसकी गारंटी नहीं रहेगी।

# तीन मैच पॉइंट बचा कर गॉफ क्वार्टर फाइनल में पहुंची



दुबई। कोको गॉफ ने बुधवार रात को तीन मैच पॉइंट बचाए और एलिस मर्टेंस को 2-6, 7-6(9), 6-3 से हराकर दुबई क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। 2 घंटे और 18 मिनट में मिली इस जीत ने 2021 के बाद पहली बार यह दिखाया कि गॉफ ने टूर-लेवल की जीत में मैच पॉइंट बचाए और बेल्जियम की खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 5-0 कर लिया। गॉफ ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में कहा, 'पूरा मैच ऐसा लगा जैसे मेरे हिसाब से नहीं जा रहा है। यह सबसे अच्छा नहीं था, लेकिन मैंने बस इसमें बने रहने की कोशिश की, और मैंने हर पॉइंट के लिए लड़ाई की। मुझे खुशी है कि मैं आज रिजल्ट ला पाई।' गॉफ 2001 में टूर्नामेंट शुरू होने के बाद से दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में चार क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। वह 2009 में इस फॉर्मेट के शुरू होने के बाद से 100 डब्ल्यूटीए 1000 मेन-ड्रॉ जीत हासिल करने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी भी हैं। गॉफ का अगला मुकाबला एलेक्जेंड्रा एला से होगा ताकि वह नंबर 101 जीत हासिल कर सकें और अपने दूसरे दुबई सेमीफाइनल में पहुंच सकें। यह ड्ढञ्ज लेवल पर उनके बीच पहली मुलाकात होगी।

# अभिषेक पर भड़के प्रशंसक, बोले इससे तो अधिक रन सैमसन बना रहे थे

अहमदाबाद। भारतीय टी20 क्रिकेट टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का खराब दौर समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। अभिषेक टी20 विश्वकप में अपने तीसरे मैच में भी खाता नहीं खो पाये। इससे प्रशंसक उनपर भड़क गये हैं। प्रशंसकों का कहना है कि संजू सैमसन के भी उनसे अधिक रन हैं। सैमसन को अपनी खराब फार्म के कारण ही अभिषेक की वापसी के बाद बाहर किया किया गया है पर जिस



प्रकार से अभिषेक रन बनाने में विफल हुए हैं। उससे ये बदलाव कारगर साबित नहीं हुआ है। प्रशंसकों को उम्मीद थी कि अभिषेक आक्रामक अंदाज में खेलेंगे पर जब तीसरे मुकाबले में भी ऐसा नहीं हुआ तो उनके सब्र का बांध टूट गया। जिस तूफानी बल्लेबाजी की उम्मीद प्रशंसकों को थी। वह अब भी नहीं दिखी। इसके बाद सोशल मीडिया पर अभिषेक की जमकर खिंचाई हुई। प्रशंसकों ने तंज कसा कि इससे तो अधिक रन सैमसन के हैं। वहीं कुछ प्रशंसकों का मानना है कि सुपर-8 के लिए सैमसन को टीम में शामिल किया जाना चाहिये। सैमसन को अभिषेक के बीमार होने के कारण एक मैच में अवसर मिला था। उस मुकाबले में सैमसन ने 22 रन बनाए थे। अभिषेक का यह पहला ही टी20 विव कप है और उनसे इस तरह के प्रदर्शन की प्रशंसकों को उम्मीद नहीं थी। वह पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ विफल रहे। वहीं बीमार होने के कारण नामीबिया के खिलाफ नहीं खेल पाए। पाकिस्तान के खिलाफ उनसे बड़े स्कोर की उम्मीथ थी पर वह असफल रहे। नीदरलैंड के खिलाफ मैच में भी उनका खाता नहीं हुआ। अब अगर वह सुपर-8 में रन नहीं बनाते तो टीम में उनकी जगह खतरे में आ जाएगी।

# 'बहुत शुक्रगुजार हूं', न्यूजीलैंड की लॉरेन डाउन ने संन्यास का किया ऐलान

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर लॉरेन डाउन ने गुरुवार को क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया। 30 साल की बैटर ने 4 मार्च 2018 को लिंकन में वेस्ट इंडीज के खिलाफ वनडे मैच में न्यूजीलैंड के लिए डेब्यू किया था। दाएं हाथ की बल्लेबाज ने 9 फरवरी 2020 को वेलिंगटन में साउथ अफ्रीका विमेन के खिलाफ अपना टी20आई डेब्यू किया था। उन्होंने अपना आखिरी ODI मैच 23 दिसंबर 2024 को वेलिंगटन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था और उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए टी20आई में अपना आखिरी मैच 7 दिसंबर 2022 को क्वीन्सटाउन में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।

न्यूजीलैंड क्रिकेट की तरफ से जारी एक बयान में डाउन ने कहा, 'मुझे व्हाइट फर्न्स ग्रुप का हिस्सा बनकर बहुत अच्छा लगा, और मैं अपने देश को रिप्रेजेंट करने का मौका मिलने के लिए बहुत शुक्रगुजार हूं। मुझे लड़कियों के साथ रहना याद आएगा, लेकिन अब मैं साइडलाइन से देखने और यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि यह ग्रुप क्या हासिल कर पाता है।' लॉरेन डाउन ने 35 ODI और 31 इनिंग खेलीं जिसमें उन्होंने 62.06 के स्ट्राइक रेट से 486 रन बनाए। दाएं हाथ की बैट्समैन ने तीन हाफ-सेंचुरी लगाईं। टी20आई में 30 साल की इस खिलाड़ी ने 13 मैच और 9 इनिंग में 86.11 के स्ट्राइक रेट से 93 रन बनाए।

डाउन ने कहा, 'मेरे क्रिकेट करियर का एक बड़ा हिस्सा ऑकलैंड सेटअप में रहा है और मैं ऑकलैंड क्रिकेट, अपने कोच और टीम के साथियों को मेरे सफर में उनके रोल के लिए जितना धन्यवाद दूं कम है।' डाउन पांच सफल हैलीबर्टन जॉनस्टोन शील्ड कैंपेन का हिस्सा थीं जिसमें उन्होंने ऑकलैंड हार्ट्स को 2011-12, 2014-15, 2015-16, 2017-18 और हाल ही में 2019-20 में महिलाओं का 50 ओवर का टाइटल जीतने में मदद की, जहां उन्होंने हैमिल्टन के सेडन पार्क में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स को 67 रन से हराने में मदद करने के लिए ग्रैंड फाइनल में 90 रन बनाए।

डाउन ने अपने करियर का अंत हार्ट्स की तीसरी सबसे ज्यादा टी20 रन बनाने वाली (1,496 रन) और चौथी सबसे ज्यादा लिस्ट, रन बनाने वाली (2,690 रन) खिलाड़ी के तौर पर भी किया और एक ऑलराउंडर के तौर पर अपने शुरुआती दिनों में 41 विकेट लिए। अंगूठे की चोट की वजह से डाउन न्यूजीलैंड में 2022 ICC विमेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप में नहीं खेल पाईं और उसी साल बाद में बर्मिंघम में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स में भी नहीं खेल पाईं, लेकिन सितंबर 2022 में वेस्ट इंडीज टूर के लिए टीम में वापस आ गईं और साउथ अफ्रीका में 2023 आईसीसी विमेंस टी20 वर्ल्ड कप के लिए बेन सॉयर की टीम में शामिल हो गईं।



डाउन ने अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए 2023-24 सीजन के लिए व्हाइट फर्न्स के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर निकलने का ऑप्शन चुना, फिर 2024-25 लिस्ट में वापस आ गईं और 2024 में इंग्लैंड और भारत के टूर पर शामिल हुईं। उन्होंने पिछली गर्मियों में सेलो बेसिन रिजर्व में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे ODI में व्हाइट फर्न्स को आखिरी बार रिप्रेजेंट किया।



# अनिल कपूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का पद ठुकराया?

**अनिल कपूर की फिल्म 'नायक' साल 2001 में रिलीज हुई। फिल्म की कहानी को दर्शकों ने काफी सराहा था। फिल्म में अनिल कपूर एक पत्रकार की भूमिका में थे, जिसे एक दिन का मुख्यमंत्री बनने का मौका मिलता है।असल जिंदगी में भी अनिल कपूर को एक खास पद पर काम करने का मौका मिला था, जिसे उन्होंने स्वीकार नहीं किया।**

## यूएन का ऑफर ठुकराया?

हाल ही बातचीत में अनिल कपूर कहते हैं, 'जब मुझे डैनी बॉयल की फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर(2008)' के कारण इंटरनेशनल लेवल पर पॉपुलैरिटी मिली तो यूएन की तरफ से एक सिंबॉलिक पोजिशन पर काम करने का ऑफर आया। लेकिन मैं इसे एक फोटो खींचवाने वाली जॉब की तरह नहीं करना चाहता था। मैं नहीं चाहता था कि लोग चार फोटो लें और मैं कुछ काम ना करूं। वैसे भी मेरी इतनी सारी प्रायोरिटीज हैं कि मुझे नहीं लगता कि यूएन वाला काम कर पाता। मैं बिना दिखावा किए सिर्फ वही काम करता हूं, जो मैं कर सकता हूं। मुझसे कहीं बेहतर लोग हैं जो राज्यसभा और लोकसभा में होने के लायक हैं।'

## ओटीटी पर आएगी अनिल की 'सूबेदार'

हाल ही में अनिल कपूर की फिल्म 'सूबेदार' का टीजर रिलीज हुआ। यह 5 मार्च को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। फिल्म की कास्ट और कहानी के बारे में अभी तक ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल फैंस अनिल कपूर को नए अवतार में देखने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इस फिल्म में वह जबरदस्त एक्शन करते नजर आएंगे। वर्कफ्रंट की बात करें तो अनिल कपूर के खाते में कई फिल्में शामिल हैं। 'सूबेदार' के अलावा उनकी आगामी फिल्मों और सीरीज में 'अल्फा', 'किंग' और 'फैमिली बिजनेस' शामिल हैं। इसके अलावा उनके 'नायक 2' बनाने की भी चर्चाएं हैं। हाल ही में अनिल कपूर अपनी बेटी सोनम कपूर के बेबी शॉवर में नजर आए थे।



# डेस्टिनेशन वेडिंग नहीं, इस थीम पर कृतिका कामरा और गौरव कपूर करेंगे शादी

क्रिकेट होस्ट गौरव कपूर औ कृतिका कामरा जल्द ही शादी करने वाले हैं। दोनों की शादी की खबरें बीते दिनों से सुर्खियों में थी। अब खबर है कि जल्द ही गौरव और कृतिका शादी करने वाले हैं। साथ ही दोनों ने शेयर भी किया है कि वे कैसी शादी करना चाहते हैं।

## सादगी भरी होगी शादी

कृतिका कामरा और गौरव कपूर मार्च में अपने जीवन में नई शुरुआत करने वाले हैं। लेकिन उन्होंने बड़ी और आलीशान डेस्टिनेशन वेडिंग की जगह एक मॉडर्न और मिनिमलिस्ट शादी करने का फैसला किया है। दोनों अपनी शादी की तैयारियों में खुद पूरी तरह शामिल हैं। हर छोटी-बड़ी चीज को सोच-समझकर प्लान किया जा रहा है। उनका मकसद दिखावे से दूर रहकर एक सादगी भरी शादी करना है।



## मुंबई में होगी शादी

कृतिका और गौरव अपनी सादगी भरी सोच के लिए जाने जाते हैं। वे चाहते हैं कि उनकी शादी उनके असली व्यतित्व को दिखाए। मॉडर्न और एलिगेंट अंदाज को अपनाने का फैसला उन्होंने किसी ट्रेंड की वजह से नहीं, बल्कि अपनी पसंद और सोच के मुताबिक लिया है। कपल के एक करीबी सूत्र ने बताया, 'कृतिका और गौरव के लिए शादी का मतलब बड़ा आयोजन नहीं, बल्कि उसकी अहमियत है। उन्होंने डेस्टिनेशन वेडिंग छोड़कर मुंबई में एक सादी, मॉडर्न और इंटिमेट शादी करने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी पर्सनालिटी के हिसाब से हो। शादी के लिए हर डिटेल पर खास ध्यान दिया जा रहा है। सजावट से लेकर स्टाइलिंग तक, सब कुछ उनकी पसंद और पर्सनालिटी को दर्शाएगा।' जानकारी के मुताबिक, शादी का माहौल बेहद एनर्जी भरा और अपनापन लिए होगा। सजावट और पूरे सेटअप सादगी से भरा होगा, ताकि पूरे कार्यक्रम में अपनापन महसूस हो।



# 300 करोड़ है रणवीर सिंह की 'प्रलय' का बजट

रणवीर सिंह ने अपनी हालिया फिल्म 'धुरंधर' से बहुत बड़ी कामयाबी हासिल की है। यह जासूसी थ्रिलर फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही और कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अब रणवीर सिंह अपनी अगली फिल्म 'प्रलय' को लेकर काफी उत्साहित हैं। यह एक जॉम्बी ड्रामा फिल्म है, जो उनके करियर की सबसे बड़ी और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है, जिसका बजट करोड़ों में है।

## क्या है प्रलय का बजट?

एक खबर के अनुसार, इस फिल्म का बजट लगभग 300 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। यह रणवीर सिंह की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म हो सकती है। इसमें स्क्रिप्ट से लेकर वीएफएक्स (विजुअल इफेक्ट्स) तक हर चीज में शामिल है। उन्होंने बैकएंड प्रॉफिट-शेयरिंग डील भी की है।

## किस पर आधारित होगी फिल्म 'प्रलय'

फिल्म का निर्देशन हंसल मेहता के बेटे जय मेहता कर रहे हैं। कहानी कोविड-19 महामारी की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जिसमें पोस्ट-एपोकैलिप्टिक दुनिया, जॉम्बी थ्रिलर, बड़े एक्शन और परिवार की भावनात्मक कहानी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में रणवीर सिंह के साथ मुख्य अभिनेत्री के रोल में कल्याणी प्रियदर्शन नजर आ सकती हैं, लेकिन अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। फिल्म की शूटिंग मई या जून 2026 में शुरू होने की उम्मीद है।

## 'धुरंधर 2' में नजर आएंगे रणवीर

रणवीर की 'धुरंधर 2' जल्द ही सिनेमाघरों में आने वाली है। यह 19 मार्च को रिलीज होगी, जिसमें पहले हिस्से के कलाकार वापस आएंगे और यह और भी बड़े पैमाने पर बनी है। इसी दिन कन्नड़ एक्टर यश की फिल्म 'टॉक्सिक' रिलीज होगी।



# 'लैला मजनू' की तर्ज पर 'हीर रांझा' बनाएंगी एकता कपूर

14 फरवरी 'वैलेंटाइन डे' पर फिल्म निर्माताओं ने 'हीर रांझा' की खास झलक शेयर की है। इस फिल्म का निर्देशन प्रसिद्ध फिल्म निर्माता इम्तियाज अली के छोटे भाई साजिद अली करेंगे। एकता कपूर ने अपनी नई फिल्म 'हीर रांझा' की एक खास झलक इंस्टाग्राम पर शेयर की है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने फिल्म 'हीर रांझा' को लेकर कैप्शन में लिखा, 'कुछ प्रेम कहानियां कभी नहीं मरतीं।' आगे एकता ने लिखा, ''लैला मजनू' से लेकर 'हीर रांझा' तक की प्रेम कहानियों की विरासत जारी है।' इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता इम्तियाज अली है। फिल्म का निर्देशन इम्तियाज के छोटे भाई साजिद अली करेंगे। फिल्म का निर्माण शोभा कपूर, एकता कपूर और प्रीति अली बालाजी मोशन पिक्चर्स और पी फिल्म के तहत करेंगे। फिल्म की इस झलक को देखकर यूजर्स काफी उत्साहित हैं और मांग कर रहे हैं कि लैला मजनू की तरह इस फिल्म में भी तृप्ति डिमारी और अविनाश तिवारी को ही कास्ट किया जाए।



# स्वयंभू के टीज़र में सम्युक्ता के वॉरियर अवतार ने मचाया तहलका

अपनी पिछली फिल्मों की कामयाबी पर सवार सम्युक्ता ने स्वयंभू के टीजर में ऐसा पावरफुल इम्पैक्ट छोड़ा है कि नज़र हटाना मुश्किल हो जाए। इस बार वो नज़र आती हैं एक भयंकर योद्धा के रूप में, जो अफरातफरी को चीरते हुए पूरे कॉन्फिडेंस और इंटेंसिटी के साथ आगे बढ़ती है। गूंथी हुई चोटी, युद्ध के लिए तैयार तेवर, और रफ-टफ योद्धा वेशभूषा में सम्युक्ता कच्ची ताकत और अटूट इरादे का प्रदर्शन करती दिखती हैं। उनका किरदार शब्दों से नहीं, एक्शन से बोलता है और हर फ्रेम ये इशारा देता है कि वो अपने करियर के सबसे साहसी क्रिएटिव फेज़ में कदम रख चुकी हैं। ये भूमिका इसलिए भी खास लगती है क्योंकि इससे पहले उनका परफॉर्मेंस ट्रैक रिकॉर्ड बेहद मजबूत रहा है। भीमला नायक में उन्होंने अपनी दमदार मौजूदगी से सबको प्रभावित किया, बिम्बिसार में पौराणिक दुनिया को एक्सप्लोर किया, विरुपाक्ष में थ्रिल का तड़का लगाया और सर में जमीन से जुड़ा अभिनय पेश किया। अब स्वयंभू में ऐसा लगता है जैसे इन सभी अनुभवों का संगम दिख रहा हो और सम्युक्ता खुद का और भी ताकतवर संस्करण बनकर सामने आई हों। टीज़र में वो एक निडर और बेखौफ योद्धा के रूप में दिखती हैं, जो जेंडर की तय सीमाओं को चुनौती देते हुए तीखे एक्शन सीक्वेंस में कमान अपने हाथ में लेती है। कभी धनुष-बाण साधती हुई, तो कभी तलवार लहराती हुई — हर सीन इस बात का सबूत है कि इस किरदार के लिए उन्होंने जबरदस्त शारीरिक ट्रेनिंग और तैयारी की है। सम्युक्ता कहती हैं, स्वयंभू मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि मैंने हमेशा ऐसे किरदार चुने हैं जो मुझे मेरे कम्फर्ट ज़ोन से बाहर ले जाएं। इस भूमिका ने मुझे शारीरिक और मानसिक, दोनों स्तर पर ऐसी चुनौती दी जैसा पहले कभी महसूस नहीं किया। एक गांव की महिला की आत्मा और शक्ति को समझने से लेकर घुड़सवारी और तीरंदाजी की कड़ी ट्रेनिंग तक, ये सफर बेहद गहन और परिवर्तनकारी रहा। इस किरदार में वो सब कुछ है जिसका एक अभिनेता सपना देखता है — ताकत, संवेदनशीलता और एक मजबूत आवाज़। इस उग्र योद्धा रूप में ढलना मेरे करियर के सबसे संतोषजनक अनुभवों में से एक रहा है। स्वयंभू के अलावा भी सम्युक्ता के पास कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स लाइनअप में हैं, जहां वो अपनी बढ़ती रेंज दिखाती नजर आएंगी। जल्द ही वो ब्लैक गोल्ड में एक सशक्त पुलिस अधिकारी के रूप में फिल्म को लीड करेंगी और साथ ही पुरी जगन्नाध की स्लम डॉग में विजय सेतुपति और तब्बू के साथ स्क्रीन साझा करती दिखाई देंगी।

# सही समय और सही जीवनसाथी का इंतजार



**मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ-साथ अपनी शादी की खबरों को लेकर भी लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले कुछ वक्त से उनका नाम धनुष के साथ जोड़ा जा रहा है। हालांकि, शादी की खबरों पर मृणाल इनकार कर चुकी हैं। जबकि धनुष के साथ रिश्ते पर भी दोनों स्टार्स में से किसी ने भी खुलकर कुछ नहीं कहा है। अब मृणाल का कहना है कि वो शादी की योजना बना चुकी हैं।**

बातचीत में मृणाल ने कहा है कि शादी निश्चित रूप से उनकी योजनाओं का हिस्सा है, लेकिन तभी जब समय और जीवनसाथी सही लगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह अपने जीवन में सही साथी के आने का इंतजार कर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी अभिनेता धनुष के साथ उनके रोमांटिक संबंधों की अफवाहों को खारिज करने के कुछ ही समय बाद आई है। अपनी निजी जिंदगी के बारे में बात करते हुए मृणाल ने कहा कि वह एक दिन शादी करना चाहती हैं। जब सही दिन और सही जीवनसाथी मिलेगा, तो मैं खुद सोशल मीडिया पर इस खबर की घोषणा करूंगी।

## शादी को लेकर बदले लोगों के विचार

अभिनेत्री का मानना है कि समय के साथ लोगों का शादी को लेकर विचार भी काफी बदल गया है। एक्ट्रेस ने कहा कि आज लोग सामाजिक अपेक्षाओं या दबाव के बजाय सच्चे जुड़ाव के कारण शादी का चुनाव करते हैं। पहले शादी के पीछे अलग-अलग कारण हो सकते थे, लेकिन अब यह सही व्यक्ति के साथ रहने की इच्छा के बारे में है।

## पिछले साल से चल रहीं धनुष मृणाल के अफेयर की खबरें

पिछले कुछ वक्त से मृणाल और धनुष के अफेयर की खबरें सुर्खियां बटोर रही हैं। पिछले दिनों तो ये भी खबरें आई थीं कि मृणाल और धनुष 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे के मौके पर ही शादी भी कर सकते हैं। हालांकि, इन खबरों को मृणाल ने यह कहते हुए खारिज किया था, 'शादी की तारीख तक आ गई और मुझे इनवाइट भी नहीं किया गया।' हालांकि, मृणाल और धनुष के रिश्ते की आधिकारिक तौर पर पुष्टि कभी नहीं हुई, लेकिन पिछले साल उनकी फिल्म 'तेरे इश्क में' की रैप पार्टी में शामिल होने के बाद अटकलें शुरू हो गईं। बाद में 'सन ऑफ सरदार 2' के प्रीमियर पर उनके धनुष को गले लगाने के वीडियो ने अफवाहों को और हवा दी।

## 'दो दीवाने सहर में' में नजर आएंगी मृणाल




मृणाल ठाकुर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस रोमांटिक लव स्टोरी में वो सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। रवि उदयवार द्वारा निर्देशित और संजय लीला भंसाली द्वारा निर्मित यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इसके अलावा उनकी पाइपलाइन में आदिवी शेष के साथ रोमांटिक-एक्शन थ्रिलर 'डकैत' भी है। यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने है।

## संक्षिप्त समाचार

### कोलोराडो हाइवे पर 30 से अधिक वाहनों की टक्कर, 4 लोगों की मौत

**कोलोराडो, एजेंसी।** अधिकारियों ने बताया कि कोलोराडो में मंगलवार को एक अंतरराज्यीय राजमार्ग पर धूल भरी आंधी के कारण चालकों को देखने में कठिनाई होने से छह सेमीट्रेलरों सहित 30 से अधिक वाहनों की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। कोलोराडो स्टेट पेट्रोल ने बताया कि तेज हवाओं से उड़ी धूल के कारण सुबह करीब 10 बजे प्यूब्लो के दक्षिण में इंटरस्टेट 25 पर हुए हादसे के समय स्थिति 'धुंधली' हो गई थी। उन्होंने कहा कि ड्राइवरों को 'बहुत कम या बिल्कुल भी दिखाई नहीं दे रहा था'। पुलिस ने बताया कि 29 लोगों को अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी चोटों की गंभीरता के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। दुर्घटना के कारणों की अभी भी जांच चल रही है। गश्ती दल की प्रवक्ता शेरी मेंडेज़ ने बताया कि कम दृश्यता को दुर्घटना के एक कारण के रूप में माना जाएगा, लेकिन अन्य कारण भी हो सकते हैं। मंगलवार को कोलोराडो के पूर्वी हिस्से में तेज हवाएं चल रही थीं, जो गर्म मौसम और अत्यधिक शुष्क परिस्थितियों के साथ मिलकर जंगल की आग के खतरे को भी बढ़ा रही हैं और डेनवर के हवाई अड्डे पर उड़ानों में देरी का कारण बन रही हैं।

### अमेरिकी सेना ने कथित तौर पर ड्रग्स से भरी तीन नावों पर किए हमले, 11 लोगों की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी सेना ने मंगलवार को कहा कि उसने लैटिन अमेरिकी जलक्षेत्र में ड्रग्स की तस्करी के आरोपी तीन नावों पर हमले किए, जिसमें 11 लोग मारे गए। यह ट्रंप प्रशासन के महीनों से चल रहे अभियान के सबसे घातक दिनों में से एक था। सोमवार को किए गए सिलसिलेवार हमलों के बाद मरने वालों की संख्या कम से कम 145 हो गई है, जब से प्रशासन ने सितंबर की शुरुआत से छोटे जहाजों में उन लोगों को निशाना बनाना शुरू किया है जिन्हें वह नारकोटेररिस्ट कहता है। 42 ज्ञात हमलों पर सेना के अधिकांश बयानों की तरह, अमेरिकी दक्षिणी कमान ने कहा कि उसने ज्ञात तस्करी मार्गों पर कथित मादक पदार्थों के तस्करों को निशाना बनाया। उसने कहा कि पूर्वी प्रशांत महासागर में चार-चार लोगों को ले जा रहे दो जहाजों पर हमला किया गया, जबकि कैरेबियन सागर में तीन लोगों को ले जा रहे एक तीसरे जहाज पर हमला किया गया। सेना ने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया कि ये जहाज ड्रग्स की ढुलाई कर रहे थे, लेकिन उसने ऐसे वीडियो पोस्ट किए जिनमें नौकाओं को नष्ट होते हुए दिखाया गया था।

### एपस्टीन कनेक्शन : हयात होटल के चेयरमैन थॉमस प्रिट्जकर ने दिया इस्तीफा

**न्यूयार्क, एजेंसी।** अमेरिका के न्याय विभाग (यूएस डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस) की ओर से जारी नई फाइलों में दोषी यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से करीबी संपर्क सामने आने के बाद अरबपति कारोबारी थॉमस प्रिट्जकर ने वैश्विक होटल श्रृंखला हयात होटल के चेयरमैन पद से हटने की घोषणा की है। प्रिट्जकर ने स्वीकार किया कि एपस्टीन से संपर्क बनाए रखना भयानक निर्णय था। बीबीसी के अनुसार, हाल में सार्वजनिक फाइलों से पता चला कि प्रिट्जकर 2008 में एपस्टीन के यौन अपराधों में दोष स्वीकार करने के बाद भी कई वर्ष उसके संपर्क में थे। प्रिट्जकर ने कहा कि उन्होंने एपस्टीन से दूरी बनाने में देर कर गंभीर गलती की। उन्होंने कहा, मेरी जिम्मेदारी हयात को सही दिशा में आगे बढ़ाने की है।

### ब्रिटेन और भारत में एमपॉक्स की पहचान, दो अलग-अलग क्लेड से मिलकर बना वायरस

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन और भारत में एमपॉक्स वायरस के एक नए बदले हुए स्वरूप की पहचान हुई है, जिसे वैज्ञानिक रिकॉम्बिनेंट वायरस कह रहे हैं। यह नया रूप वायरस के दो अलग-अलग प्रकार क्लेड आईबी और क्लेड आईआईबी के आपस में मिल जाने से बना है। अब तक ऐसे दो ही मामले सामने आए हैं और दोनों मरीज स्वस्थ हैं। डब्ल्यूएचओ ने कहा है कि फिलहाल आम जनता के लिए जोखिम कम है, हालांकि उच्च जोखिम समूहों में सतर्कता जरूरी बनी हुई है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार यह एक संक्रामक बीमारी है, जो एमपॉक्स वायरस से होती है। एमपॉक्स वायरस के दो मुख्य क्लेड माने जाते हैं, क्लेड आई और क्लेड आईआई। क्लेड आई के भीतर आईए और आईबी उपसमूह आते हैं, जबकि क्लेड आईआई में आईआईए और आईआईबी शामिल हैं। हाल का वैश्विक प्रकोप मुख्य रूप से क्लेड आईआईबी से जुड़ा रहा है। अब जो नया रीकॉम्बिनेंट मामला सामने आया है, उसमें क्लेड आईबी और क्लेड आईआईबी दोनों के जीन पाए गए हैं। भारत में पाया गया यह केस दुनिया में इस नए रीकॉम्बिनेंट एमपॉक्स वायरस का सबसे शुरुआती ज्ञात मामला माना जा रहा है।

# अफगानिस्तान ने पाकिस्तान को 'तोहफे' में दिए उसी के तीन सैनिक, कई महीनों पहले किया था कैद

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान सरकार ने मंगलवार को घोषणा की है कि उसने पिछले साल अक्टूबर में सीमा पार लड़ाई के दौरान पकड़े गए तीन पाकिस्तानी सैनिकों को रिहा कर दिया है। यह कदम रमजान के पवित्र महीने के मद्देनजर उठाया गया है। सऊदी अरब की मध्यस्थताः अफगानिस्तान सरकार के प्रवक्ता, जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक बयान में बताया कि इन सैनिकों को सोमवार को काबुल आए एक सऊदी प्रतिनिधिमंडल को सौंप दिया गया। यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के बीच मध्यस्थता कर रहा था।

**गिरफ्तारी का समयः** मुजाहिद के अनुसार, इन तीन सैनिकों को 12 अक्टूबर को हुई लड़ाई के दौरान बंदी बनाया गया था।

**रिहाई का कारणः** उन्होंने कहा कि सैनिकों को रिहा करने का निर्णय रमजान की शुरुआत को देखते हुए लिया गया है, जो इस्लाम में उपवास और आत्म-चिंतन का पवित्र महीना माना जाता है। अफगानिस्तान और उसके पड़ोसी पाकिस्तान के बीच पिछले साल अक्टूबर से ही तनाव काफी बढ़ा हुआ है। दोनों देशों के बीच तनाव की कहानी अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच वर्तमान में जो तल्खी दिखाई दे रही है, उसकी जड़ें पिछले साल अक्टूबर की घटनाओं में छिपी हैं। भले ही अब 3 सैनिकों की रिहाई को एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है, लेकिन दोनों पड़ोसियों के बीच रिश्तों की डोर बेहद कमजोर हो चुकी है।



**विवाद की चिंगारी: 9 अक्टूबर का काबुल धमाका :** इस पूरे तनाव की शुरुआत 9 अक्टूबर को हुई, जब अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में कई जोरदार धमाके हुए। इन धमाकों ने पूरे शहर को दहला दिया। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने तुरंत इन हमलों के लिए पाकिस्तान को जिम्मेदार ठहराया। अफगान सरकार ने न केवल पाकिस्तान पर आरोप लगाए, बल्कि इन हमलों का बदला लेने की कसम भी खाई।

**बदले की आग और सीमा पर युद्ध :** काबुल धमाकों के ठीक बाद, प्रतिशोध की भावना ने दोनों देशों की सीमाओं पर युद्ध जैसे हालात पैदा कर दिए। तालिबान के 'बदला लेने' के बयान के बाद सीमा पर भीषण गोलाबारी शुरू हो गई।

**12 अक्टूबर का दिनः** लड़ाई के दौरान 12 अक्टूबर का दिन सबसे महत्वपूर्ण रहा, जब अफगान बलों ने लड़ाई के दौरान तीन पाकिस्तानी सैनिकों को बंदी बना लिया (जिन्हें अब रिहा किया गया है)। यह संघर्ष इतना घातक था कि इसमें दोनों तरफ के दर्जनों सैनिक, आम नागरिक और संदिग्ध उग्रवादी मारे गए, जबकि सैकड़ों लोग घायल हुए।

**हाल के वर्षो का सबसे भीषण संघर्ष :** रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्टूबर में हुई यह लड़ाई पिछले कई वर्षों में दोनों पड़ोसियों के बीच हुई सबसे भीषण लड़ाई थी। इसने दोनों देशों के राजनयिक संबंधों को रसातल में पहुंचा दिया।

**शांति की कोशिशें और नाकामी जब हालात बेकाबू होने लगे, तो खाड़ी देशों ने हस्तक्षेप कियाः** कतर की मध्यस्थताः कतर ने दोनों देशों के बीच बीच-बचाव किया, जिसके बाद एक 'युद्धविराम' लागू हुआ। इससे सीमा पर तोपें तो शांत हो गईं, लेकिन तनाव कम नहीं हुआ। इस्तांबुल वार्ता की विफलताः युद्धविराम के बाद, तुर्की के इस्तांबुल में शांति वार्ता आयोजित की गई ताकि कोई स्थाई समाधान निकल सके। लेकिन, यह बातचीत किसी ठोस समझौते या नतीजे पर नहीं पहुंच सकी।

**वर्तमान राजनयिक स्थिति :** हालात को सुधारने के लिए कतर की मध्यस्थता में एक युद्धविराम समझौता हुआ था, जिससे तनाव में कुछ कमी आई है। हालांकि, इस्तांबुल में हुई बाद की शांति वार्ता किसी ठोस समझौते पर पहुंचने में विफल रही, जिसके कारण दोनों देशों के संबंध अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। फिलहाल, इन तीन सैनिकों की रिहाई पर पाकिस्तान की ओर से कोई तत्काल टिप्पणी नहीं आई है।

## अमेरिकी संसद भवन की तरफ हथियार लेकर दौड़ा 18 वर्ष का किशोर, सुरक्षाबलों ने किया गिरफ्तार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी संसद भवन (यूएस कैपिटल) की सुरक्षा में उस समय हलचल मच गई जब एक 18 वर्षीय युवक लोडेड शॉटगन के साथ इमारत की ओर बढ़ता हुआ पाया गया। यूनाइटेड स्टेट्स कैपिटल पुलिस (स्ष्टक्क) ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत उसे घेरकर गिरफ्तार कर लिया। त्वरित कार्रवाई के चलते घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान जॉर्जिया के स्मिर्ना निवासी कार्टर कामाचो के रूप में हुई है। वह मंगलवार दोपहर कैपिटल के लोअर वेस्ट टेरेस की दिशा में हथियार लेकर जा रहा था, तभी ड्यूटी पर मौजूद अधिकारियों की नजर उस पर पड़ गई। अधिकारियों ने उसे रोकते हुए हथियार नीचे रखने और जमीन पर लेटने का आदेश दिया, जिसका उसने पालन किया और उसे बिना किसी प्रतिरोध के हिरासत में ले लिया गया। कैपिटल पुलिस प्रमुख माइकल सुलिवन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपी कैपिटल की सीढ़ियों के आधार तक पहुंच गया था, इससे पहले कि उसे पकड़ा गया। मुठभेड़ के दौरान अधिकारियों ने एहतियातन अपने हथियार भी निकाल लिए थे।

**आरोपी के पास से क्या-क्या हुआ बरामद :** जांच में पता चला कि आरोपी एक सफेद मर्सिडीज-बेंज एसयूवी से मैरीलैंड एवेन्यू साउथवेस्ट के 100 ब्लॉक



तक आया था और वहीं से शॉटगन लेकर बाहर निकला। वाहन से केव्लर हेलमेट, गैस मास्क और अतिरिक्त गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। पुलिस ने यह भी बताया कि वाहन आरोपी के नाम पर पंजीकृत नहीं था। अधिकारियों के मुताबिक, संदिग्ध टैक्टिकल वेस्ट और टैक्टिकल ग्लव्स पहने हुए था और उसके पास कई राउंड गोलियां भी थीं। उसे गैरकानूनी गतिविधियों, बिना लाइसेंस राइफल रखने, अपंजीकृत हथियार और अपंजीकृत गोला-बारूद रखने जैसे आरोपों में चार्ज किया गया है। फिलहाल कैपिटल पुलिस की थ्रेट असेसमेंट यूनिट उसके मकसद की जांच कर रही है। घटना के बाद इलाके में यातायात अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया और लोगों को उस क्षेत्र से दूर रहने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि नियमित सुरक्षा अभ्यास और एक्टिव थ्रेट ड्रिल्स की वजह से पुलिस की प्रतिक्रिया तेज और प्रभावी रही। वहीं, पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस घटना का आगामी स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन की सुरक्षा व्यवस्था पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

## अमेरिका-ईरान बातचीत में तनाव, जेडी वेंस बोले- राष्ट्रपति ट्रंप की शर्तें मानने को तैयार नहीं तेहरान

**जिनेवा, एजेंसी।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रही कूटनीतिक बातचीत को लेकर ताजा बयान सामने आया है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान अभी तक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से तय की गई मुख्य शर्तों को मानने के लिए तैयार नहीं है। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने बताया कि जिनेवा में हुई बातचीत 'कुछ मायनों में ठीक रही', क्योंकि दोनों देशों ने आगे भी बैठक जारी रखने पर सहमति जताई है। लेकिन उन्होंने साफ कहा कि ईरान ने अब तक ट्रंप की प्रमुख शर्तों को स्वीकार नहीं किया है। उनके मुताबिक- राष्ट्रपति ट्रंप ने कूटनीतिक समाधान के लिए कुछ स्पष्ट शर्तें रखी हैं। इन शर्तों में सबसे बड़ा मुद्दा ईरान का परमाणु कार्यक्रम है। ईरान अभी इन शर्तों पर खुलकर सहमति देने को तैयार नहीं दिख रहा। जेडी वेंस ने कहा कि अमेरिका अभी भी बातचीत के जरिए समाधान चाहता है। लेकिन उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर बातचीत बेनतीजा रही, तो आगे क्या करना है- इसका फैसला राष्ट्रपति ट्रंप करेंगे। उनका कहना था, 'हम चाहते हैं कि मामला बातचीत से सुलझे, लेकिन अगर कूटनीति की सीमा



खत्म हो जाती है, तो अंतिम फैसला राष्ट्रपति का होगा।' अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर चिंतित है। ट्रंप प्रशासन चाहता है कि ईरान अपनी परमाणु गतिविधियों पर कड़ी रोक लगाए। वहीं ईरान अपने अधिकारों और सुरक्षा चिंताओं का हवाला देता रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर जिनेवा में बातचीत का दूसरा दौर खत्म हो गया है। ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, यह बैठक लगभग तीन घंटे तक चली, जिसमें कोई नतीजा नहीं निकला है। मंगलवार को हुई यह मुलाकात परमाणु मुद्दे पर दोनों देशों के बीच दूसरे दौर की बातचीत थी। जिनेवा में वार्ता व अभ्यास ऐसे समय हुए जब अमेरिका ने पश्चिम एशिया में अपनी सैन्य उपस्थिति बढ़ा दी है।

## अफगानिस्तान में घरेलू हिंसा को मिल गया कानूनी लाइसेंस

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में महिलाओं की दयनीय हालत छिपी नहीं है। 2021 में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद से यहां महिलाओं के अधिकारों का लगातार दोहन हुआ है। तालिबानी हुकूमत ने देश में महिलाओं के पढ़ने, लिखने, बाहर जाने, यहां तक कि सार्वजनिक जगहों पर हंसने तक पर प्रतिबंध लगा दिया है। इस बीच अब अफगानिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हिंसा को भी कानूनी लाइसेंस दे दिया गया है। तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने हाल ही में 90 पन्नों वाली नई दंड संहिता पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कानून महिलाओं के लिए सजा से कम नहीं है।

नए नियमों को आधिकारिक रूप से 'दे महाकुमु जजाई उसूलनामा' का नाम दिया गया है। तालिबान सरकार द्वारा पूरे देश में लागू किए जाने वाले इस कानून के तहत सजा की प्रकृति इस आधार पर तय की जाएगी कि पीड़ित व्यक्ति



'आजाद' है या 'गुलाम'। इस व्यवस्था में समाज को ऊंचे और निचले दर्जे में बांटने की बात कही गई है। ऊपरी श्रेणी में धार्मिक नेता और मुल्ला शामिल होंगे, जबकि निचली श्रेणी के लोगों पर शारीरिक दंड को अधिक स्वीकार्य माना गया है। इसमें महिलाओं को व्यवहारिक रूप से 'गुलाम' की श्रेणी में रखा गया है और पति को 'स्वामी' का दर्जा दिया गया है। नए नियमों के तहत गंभीर अपराधों की सुनवाई इस्लामी मौलवियों द्वारा की जाएगी। कम गंभीर मामलों में 'ताज़ीर' नाम की वैकल्पिक सजा लागू होगी, जिसके तहत पति अपनी पत्नी को दंड दे सकता है। हालांकि पत्नी पर शारीरिक हिंसा के मामलों में न्याय की स्पष्ट व्यवस्था नहीं दी गई है। अगर कोई महिला घरेलू हिंसा की शिकायत करना चाहती है, तो उसे धार्मिक जज के सामने गंभीर शारीरिक चोट का सबूत पेश करना होगा। साथ ही उसे पूरी तरह ढका हुआ पहनावा पहनना होगा और एक पुरुष संरक्षक की मौजूदगी जरूरी होगी, जो अधिकतर मामलों में उसका पति ही होता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि अगर कोई महिला अपने साथ हुई गंभीर हिंसा साबित भी कर दे, तो आरोपी को न्यूनतम 15 दिन की जेल ही हो सकती है। विश्लेषकों का मानना है कि इस कानून से महिलाओं के खिलाफ हिंसा बेलगाम हो सकती है। काबुल की एक महिला कानूनी सलाहकार ने टाइला न्यूज को बताया कि महिलाओं के लिए न्याय पाना अब बेहद लंबी और मुश्किल प्रक्रिया हो जाएगी। उन्होंने एक मामले का जिक्र किया, जिसमें एक महिला को जेल में बंद अपने पति से मिलने के दौरान बिना पुरुष संरक्षक के जाने पर पीटा गया। महिला ने सार्वजनिक रूप से कहा कि वह इस प्रक्रिया से गुजरने से बेहतर मौत को समझती है।

# वेस्ट बैंक में जमीन पर कब्जे की तैयारी में इजरायल

**येरूशलम, एजेंसी।** इजरायल सरकार ने पश्चिमी तट में जमीन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू करने के हालिया फैसले की आठ मुस्लिम देशों द्वारा निंदा करने वाले संयुक्त बयान को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया है। मंगलवार को तुर्की, मिस्र, जॉर्डन, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्रियों ने पश्चिमी तट में जमीन को सरकारी सम्पति घोषित करने और उनके पंजीकरण और मालिकाना हक के सेटलमेंट के लिए प्रक्रिया को मंजूरी देने के इजरायली सरकार के फैसले की निंदा की। मंत्रालय ने आज एक बयान में कहा, 'यह बयान असल में बेबुनियाद और जानबूझकर गुमराह करने वाला है। फिलिस्तीनी अधिकारी ही क्षेत्र सी में गैर-कानूनी जमीन पंजीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ा रहे है,



जो कानून और मौजूदा समझौतों का उल्लंघन है।' मंत्रालय ने बताया कि इजरायली सरकार ने सिविल और सम्पति कानून के तहत प्रशासनिक कदम को मंजूरी दी है। सऊद अरब के विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह कदम कब्जे वाले इलाके में एक नई कानूनी और प्रशासनिक हकीकत को थोपता है, जिससे द्वि-राष्ट्र समाधान और फिलिस्तीनी अधिकार कमज़ोर होते हैं। मंत्रालय ने कहा कि फिलिस्तीनी जमीन पर इजरायल का कोई हक नहीं है। मंत्रालय ने इन कदमों को फिलिस्तीनी लोगों के चार जून, 1967 की सीमाओं पर एक आजाद देश बनाने के कानूनी हक पर हमला बताया, जिसकी राजधानी पूर्वी येरुशलम हो। उल्लेखनीय है कि इजरायली सरकार ने कब्जे वाले वेस्ट बैंक के बड़े इलाकों को अपनी भूमि के तौर पर वर्गीकृत करने की योजना को मंजूरी दी, अगर फिलिस्तीनी मालिकाना हक साबित नहीं कर पाते। यह प्रस्ताव दक्षिणपंथी मंत्रियों बेज़ालेल स्मोट्रिच (वित्त), यारिव लेविन (न्याय), और इजरायल काट्ज (रक्षा) ने रखा था। स्मोट्रिच ने इस योजना को 'हमारी सभी जमीनों पर नियंत्रण करने के लिए समाधान क्रांति' का अगला कदम बताया, जबकि लेविन ने इसे इज़रायल के अपने सभी हिस्सों पर अपनी पकड़ मज़बूत करने की प्रतिबद्धता का प्रदर्शन बताया। इस मंजूरी से ज़मीन के मालिकाना हक के समाधान की प्रक्रिया फिर से शुरू हो गई हैं, जो 1967 में वेस्ट बैंक पर इजरायल के कब्जे के बाद से रुके हुए थे।

## चीन बांग्लादेशी प्रधानमंत्री तारिक रहमान के साथ पारंपरिक दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए तैयार



**बीजिंग, एजेंसी।** तारिक रहमान के बांग्लादेश का प्रधानमंत्री बनने पर चीन एक्टिव हो गया है। चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने मंगलवार को बांग्लादेश के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान को बधाई दी और कहा कि बीजिंग ढाका के साथ मिलकर बीआरआई प्रोजेक्ट्स समेत सभी सेक्टर में आपसी रिश्ते मजबूत करने के लिए तैयार है, ताकि उनके रिश्ते एक नए लेवल पर पहुंच सकें। ली ने रहमान को अपने मैसेज में कहा कि चीनी सरकार नई बांग्लादेशी सरकार के सुचारू एडमिनिस्ट्रेशन का सपोर्ट करती है, जिन्होंने आज दिन में शपथ ली थी।

उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेशी प्रधानमंत्री के साथ पारंपरिक दोस्ती को आगे बढ़ाने, हाई-क्वालिटी बेल्ट एंड रोड कोऑपरेशन को आगे बढ़ाने और सभी सेक्टर में लेन-देन और कोऑपरेशन को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। ली ने आगे कहा कि इससे चीन-बांग्लादेश कॉम्प्रिहेंसिव स्ट्रेटेजिक कोऑपरेटिव पार्टनरशिप एक नए लेवल पर पहुंचेगी और दोनों देशों के लोगों को ज्यादा फायदे होंगे।

ली ने कहा कि चीन और बांग्लादेश के बीच दोस्ताना लेन-देन, एक-दूसरे का सम्मान करने और विन-विन सहयोग का लंबा इतिहास रहा है। 12 फरवरी को हुए 13वें पार्लियामेंट्री चुनाव में अपनी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत के बाद फॉरेन पॉलिसी पर अपनी पहली टिप्पणी में, रहमान ने कहा कि वह दूसरे देशों के साथ रिश्ते बनाने में बांग्लादेश के हितों को प्राथमिकता देंगे। रहमान के हवाले से कहा गया, 'बांग्लादेश और उसके लोगों के हित हमारी फॉरेन पॉलिसी तय करेंगे।

चीनी सरकारी मीडिया ने रहमान की इस बात को हाईलाइट किया कि चीन को लंबे समय से बांग्लादेश का एक महत्वपूर्ण डेवलपमेंट पार्टनर माना जाता है और उम्मीद जताई कि दोनों देश कॉमन डेवलपमेंट के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। भारत और पाकिस्तान के अलावा, चीन के प्रति रहमान की सरकार की पॉलिसी इसलिए भी अहम हो गई क्योंकि अंतरिम सरकार के चीफ मुहम्मद यूनुस, जिन्होंने शेख हसीना को हटाने के बाद अगस्त 2024 में सत्ता संभाली, ने चीन और पाकिस्तान के पक्ष में पॉलिसी अपनाने की कोशिश की, जिससे भारत के साथ ढाका के रिश्तों पर बुरा असर पड़ा।

# ट्रम्प ने जापान के साथ ट्रेड डील के शुरूआत की घोषणा की

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को जापान के साथ एक निवेश समझौते के शुरूआत का एलान किया है। जापान ने अमेरिका में कुल 550 बिलियन डॉलर का निवेश करने का वादा किया है, जो ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के अंत तक, यानी जनवरी 2029 तक पूरा होगा। यह समझौता पिछले साल जुलाई में हुआ था, जिसमें जापान ने अमेरिका में निवेश करने के बदले अपनी कारों और अन्य सामानों पर लगने वाले अमेरिकी टैरिफ को कम करवाया था। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करके बताया कि इस 550 अरब डॉलर की प्रतिबद्धता के तहत पहली परियोजनाओं की शुरुआत हो गई है। इनमें तीन बड़ी परियोजनाएं शामिल हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 36 बिलियन डॉलर है। पहली परियोजना जॉर्जिया राज्य में क्रिटिकल मिनरल्स की है, जहां सिंथेटिक डायमंड या अन्य महत्वपूर्ण खनिजों का उत्पादन होगा, जो अमेरिका की विदेशी निर्भरता कम करने में मदद करेगा। दूसरी परियोजना टेक्सास राज्य में तेल और गैस की सुविधाओं की है, जिसमें गल्फ कोस्ट पर एक डीपवॉटर क्रूड ऑयल एक्सपोर्ट सुविधा और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (स्रुत्र) प्रोजेक्ट शामिल हैं, जो अमेरिकी ऊर्जा निर्यात को बढ़ावा देंगे। तीसरी परियोजना ओहियो राज्य में पावर जेनरेशन प्लांट की है, जो एक बहुत बड़ा नेचुरल गैस पावर प्लांट होगा। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ये प्रोजेक्ट बहुत बड़े स्तर के हैं और इन्हें लागू करने में टैरिफ की अहम भूमिका रही है। उन्होंने इसे अमेरिका और जापान के लिए ऐतिहासिक समय बताया। उन्होंने कहा कि अमेरिका फिर से निर्माण कर रहा है, उत्पादन कर रहा है और जीत रहा है। पिछले हफ्ते वॉशिंगटन में जापान के उद्योग मंत्री रयोसी अकाजावा और अमेरिकी



वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक के बीच बैठक हुई थी, जहां पहले दौर के निवेश में तेजी लाने पर सहमति बनी। ये निवेश रणनीतिक क्षेत्रों जैसे क्रिटिकल मिनरल्स, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ऊर्जा पर केंद्रित हैं, जो दोनों देशों की राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक हितों को मजबूत करेंगे।

## न्यूयॉर्क में चर्च में धमाका, फायरफाइटर समेत पांच लोग घायल

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** न्यूयॉर्क के एक चर्च में एक जोरदार धमाका हुआ जिसमें एक फायरफाइटर समेत पांच लोग घायल हो गए। बिल्डिंग में गैस की गंध की रिपोर्ट मिली थी जिसके बाद अग्निशमन विभाग यहां आया था।



न्यूयॉर्क स्टेट पुलिस धमाके के कारण की जांच कर रही थी, जो सिरैक्यूज़ से लगभग 50 मील (80 किलोमीटर) उत्तर-पूर्व में एक ग्रामीण इलाके में एबंडेंट लाइफ फेलोशिप चर्च में सुबह करीब 10:30 बजे हुआ। पांच लोगों को इलाज के लिए लोकल हॉस्पिटल ले जाया गया। दो की हालत गंभीर बताई गई, जिसमें एक फायरफाइटर भी शामिल है जो मौके पर पहुंचा था। पुलिस ने बताया कि बाकी तीन लोगों की चोटों का इलाज किया जा रहा है। पुलिस ने कहा कि धमाके से जुड़ी कोई क्रिमिनल एक्टिविटी का शुरुआती संकेत नहीं मिला, जिससे हवा में काले धुएं का घना गुबार फैल गया और चर्च को बहुत नुकसान हुआ। स्टेट ट्रूपर्स के अनुसार, चर्च को प्रोपेन सिलेंडर से गर्म किया जाता था।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक स्वामी मुद्रक एवं संपादक हरेश पंवार द्वारा शीतल प्रिंटिंग ऑफसेट, प्लॉट नंबर 245 , बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 से मुद्रित एवं प्रकाशित, मुद्रक मीना, संपादक हरेश पंवार, भीम प्रज्ञा मीडिया हाउस, बुहाना रोड़ पचेरी बड़ी, जिला झुंझुनूं ,राजस्थान-333515 मो. 9983040937, –mail bheempragya@gmail.com